हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, रविवार 7 जुलाई 2024



## खबर संक्षेप

### अवैध रूप से शराब बिक्री, आरोपी पकड़ाया

**राजनांदगांव।** अवैध रूप से शराब बिक्री करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को पकड़कर कार्रवाई की है। आरोपी से 20 पौवा देशी शराब बरामद किया गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार बसंतपुर स्टाफ के मुखबीर की सूचना के आधार पर रेड कार्रवाई कर इंदिरा नगर में अवैध रूप से शराब बिक्री करने हेतु ग्राहक तलाश करने वाले आरोपी केवल वर्मा 27 साल निवासी इंदिरा नगर से 20 पौवा देशी प्लेन शराब कीमती 1800 रुपए एवं शराब बिक्री रकम जब्त किया गया। आरोपी के विरूद्ध थाना बसंतपुर में धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई किया गया।

### अंडर-23 का क्रिकेट ट्रायल 9 को

**राजनांदगांव।** जिला क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आगामी 9 जुलाई को एक चयन प्रक्रिया (अंडर-23) का आयोजन दिग्विजय स्टेडियम में किया जा रहा है। चयन प्रक्रिया सुबह 9 बजे से प्रारंभ होगी। उक्त चयन प्रक्रिया में वे ही खिलाड़ी भाग ले सकते हैं। जिनका जन्म सितंबर 2001 व 31 अगस्त 2005 के मध्य हुआ है तथा जिन खिलाड़ियों का ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन हुआ है वे ही इस चयन प्रक्रिया में भाग लेने के पात्र होंगे, जिन खिलाड़ियों का रजिस्ट्रेशन नहीं हुआ है, वे आवश्यक दस्तावेज के साथ शाम 4 से 6 बजे तक दिग्विजय स्टेडियम में उपस्थित होकर अपना पंजीयन करा सकते हैं। सचिव योगेश बागड़ी ने बताया कि उक्त चयन प्रक्रिया में 15 खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा।

### बाल संप्रेक्षण गृह में थी तीनों, दो राजनांदगांव व 1 छुईखदान की निवासी

# वार्डन-गार्ड को बाथरूम में बंदी बनाकर भागी 3 नाबालिग, नागपुर में पकड़ाई

**दो नाबालिग हत्या और एक लूट के मामले के हैं आरोपी**

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बाल संप्रेषण गृह से तीन अपचारी बालिकाएं फिल्मी स्टाईल से वार्डन एवं सुरक्षाकर्मी को चकमा देकर फरार हो गए थे। तीनो बालिकाओ ने वार्डन और गार्ड को बाथरुम में बंद कर दिया था और उनकी ही दो पहिया वाहन से फरार हो गए थे।

जिससे हड़कंप की स्थिति निर्मित हो गई थी। अफरा तफरी के बीच घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने सरगर्मी के साथ पुलिस टीम उनकी खोजबीन में जुटी हुई थी। फरार अपचारी बालिकाओं को लकडगंज थाना क्षेत्र नागपुर महाराष्ट्र से अभिरक्षा में ले लिया गया है।

पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत स्थित बाल संप्रेषण गृह से तीन अपचारी बालिकाएं गणना के दौरान कम मिली। जिनकी खोजबीन करने के दौरान वार्डन और सुरक्षाकर्मी बाथरूम पहुंची, जहां तीनों ने चकमा देते वार्डन और सुरक्षाकर्मी को बाथरूम में बंद कर दिया।



#### स्कूटी लेकर हुए थे फरार

तीनों अपचारी बालिकाओं ने यहां के कर्मी की स्कूटी की चाबी और मुख्य गेट की चाबी लेकर बाहर निकले और स्कूटी लेकर फरार हो गए थे। शुक्रवार की रात लगभग साढे 7-8 बजे हुए इस घटनाक्रम की सूचना पुलिस को जैसे ही मिली। पुलिस ने अपचारी बालिकाओं की खोजबीन सरगर्मी से शुरू कर दी थी। बताया गया कि अपचारी बालिकाओं में दो के खिलाफ हत्या एवं एक के खिलाफ लूट का मामला न्यायालय में विचाराधीन है।

#### सीसीटीवी फुटेज खंगाले

तीन बालिकाओ के फरार होने की सूचना मिलते ही पुलिस टीम भी अलर्ट हो गई थी। इनका पता लगाने के लिए सीसीटीवी कैमरे के फूटेज भी खंगाले गए, वहीं इस बीच जानकारी मिली कि तीनो पड़ोसी राज्य में पहुंच गए है।

#### तकनीकी सहायता से पकड़ाए

पुलिस सूत्रों ने बताया कि इस दौरान फरार अपचारी बालिका में एक ने अपने रिश्तेदार को फोन भी किया था। जिसकी जानकारी होने पर सायबर तकनीकी के माध्यम से सायबर पुलिस एवं बसंतपुर पुलिस की टीम ने 24 घंटे के भीतर पुलिस कप्तान मोहित गर्ग के निर्देशन एवं अति पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक के मार्गदशन पर फरार अपचारी बालिकाओं का पता तलाश हेतु निर्देशन पर थाना प्रभारी बसंतपुर निरीक्षक सत्यनारायण देवांगन द्वारा टीम गठित कर सायबर टीम की सहायता से फरार 3 अपचारी बालिकाओं का नागपुर महाराष्ट्र लकडगंज थाना क्षेत्र से अभिरक्षा में लिया गया।

## लापता युवक की लाश पुलगांव नाला में मिली

- संदेहियों से पूछताछ जारी, पुलगांव में मिली थी लाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सोमनी क्षेत्र के ग्राम बैगाटोला के एक लापता युवक की लाश संदिग्ध परिस्थितियों में पुलगांव नाला में मिली है। पुलिस ने इस मामले में दो संदेहियों से पूछताछ कर रही है।



पुलिस सूत्रों के अनुसार सोमनी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बैगाटोला निवासी दिनेश आडिल 26 वर्ष 17 जून से लापता था। इस संबंध में पुलिस जांच करते हुए कुछ संदेहियों को पकडकर पूछताछ की, तब उन्होंने बताया कि शराब के नशे में सोमनी शराब भट्ठी के पास उनके बीच विवाद हुआ था। जिससे संदेहियों ने मारपीट किया था। जिससे दिनेश घायल हो गया था। नशे में आरोपी उसे बाईक में दुर्ग की ओर ले जा रहे थे। इस दौरान उसके शरीर में पत्थर बांधकर उसे नाला में फेंक दिया।

#### संदेहियों से पूछताछ

पुलिस ने संदेही आरोपी पिंटू एवं ईशु देशमुख के निशानदेही पर उक्त युवक की लाश नाला से बरामद किया है। सोमनी थाना प्रभारी रामेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि इस मामले में संदेहियों से पूछताछ की जा रही है।

## घेराबंदी कर पुलिस ने कोचिया को पकड़ा, 25 पौवा देशी जब्त


हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



अवैध रूप से शराब बिक्री के खिलाफ चलाए जा रहे धरपकड़ अभियान के तहत पुलिस ने आरोपी को घेराबंदी कर पकड़ा। आरोपी से 25 पौवा देशी शराब बरामद कर कार्रवाई की गई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार डोंगरगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत 4 जुलाई को थाना डोंगरगांव पुलिस को प्राप्त मुखबीर से सूचना के आधार पर पुलिस टीम गठित कर ग्राम उमरवाही जंगल के बिजली कंप केवी 33 के पास रोड किनारे के पास घेराबंदी कर रेड कार्रवाई किया गया।

#### प्लास्टिक बोरी में रखा था शराब

आरोपी भुपेन्द्र कुमार सिन्हा 23 साल पता दिवानभेड़ी को रंगे हाथों शराब बिक्री करते पाया गया। आरोपी के खिलाफ अपराध धारा- 34(1)(ख) आबकारी एक्ट अपराध कायम कर कार्रवाई करते आरोपी के पास से एक सफेद रंग के प्लास्टिक बोरी में रखे 25 नग देशी प्लेन शराब कीमती 2250 रुपए व बिक्री रकम 290 रुपए जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया।









## खबर संक्षेप

### आलीवारा स्कूल में साइकिल वितरण



**मुसरा।** आलीवारा हाईस्कूल में शनिवार को 24 छात्राओं को साइकिल प्रदान किया गया। साइकिल मिलने से छात्राओं को स्कूल आने में सुविधा होगी। इस मौके पर शाला विकास समिति के भारत सेन, सहदेव वर्मा, दुर्गा प्रसाद, परमेश्वर वर्मा, प्रभारी प्राचार्य जेएल हुमने, केआर यादव, पीके दीक्षित, तारकेश्वरी जंघेल, आरएल दशरिया, नेहा वर्मा सहित अन्य उपस्थित थे।

### शिक्षिका के वेतन कटौती का निर्देश



**सड़क अतरिया।** शनिवार को जिला शिक्षा अधिकारी लालजी द्विवेदी एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी रमेंद्र डड़सेना ने विभिन्न स्कूलों का निरीक्षण किया। प्राथमिक शाला झूरानदी में एक शिक्षिका तीन दिवस से अनुपस्थित मिली जिसका वेतन काटने के निर्देश दिया गया। पूर्व माध्यमिक हायर सेकंडरी स्कूल झूरानदी में सफाई एवं रंगाई पुताई की कमी पर अधिकारियों ने नाराजगी जताया और सफाई कराने कहा। पूर्व माध्यमिक शाला बाईकटोरी में सभी शिक्षक उपस्थित थे।

बेगलेस डे पर सार्थक गतिविधियां, सफाई के साथ गार्डनिंग देखकर प्रशंसा किया। प्राथमिक शाला झूमरकोन्हा में शिक्षक उपस्थित रहकर शिक्षण कराते मिले। पूर्व माध्यमिक शाला एवं हायर सेकंडरी स्कूल ठाकुरटोला में शिक्षक उपस्थित और बच्चे पढ़ाई करते मिले।

### किसानों की फसल का करें बीमाः कलेक्टर



**मोहला।** कलेक्टर एस जयवर्धन ने फसल बीमा के संबंध में अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने फसल की क्षति होने पर किसानों को फसल बीमा का लाभ दिलाने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि फसल बीमा के लिए बजाज जनरल इन्शोरेंस कंपनी लिमिटेड से अनुबंध किया गया है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनांतर्गत खरीफ फसलों का बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 जुलाई नियत की गई है। जिले में धान सिंचित, असिंचित, मक्का, उड़द, कोदो, कुटकी, रागी, तुअर फसल को अधिसूचित किया गया है। धान सिंचित के लिए 480, असिंचित के लिए 360 रूपए प्रति एकड प्रीमियम है। इसी प्रकार मक्का के लिए 360, उड़द के लिए 216, कोदो के लिए 64, कुटकी के लिए 68, रागी के लिए 120, तुअर के लिए 304 रूपए प्रति एकड़ बीमांकित राशि निर्धारित की गई है।

### गांवों में राजस्व शिविर 20 तक

**मोहला।** जिले में 6 से 20 जुलाई तक राजस्व पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। राजस्व पखवाड़ा में सभी 5 तहसीलों अंतर्गत पटवारी हल्के एवं उनके अधीन आने वाली 185 ग्राम पंचायतों एवं पटवारी हल्का मुख्यालय में राजस्व शिविरों का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर एस जयवर्धन के निर्देश पर राजस्व शिविर के लिए 185 ग्राम पंचायत का चिन्हाकंन कर लिया गया है। कलेक्टर ने एसडीएम एवं तहसीलदारों को ग्रामों में लगने वाले शिविर की जानकारी किसानों को देने के निर्देश दिए हैं। शिविर में समस्त राजस्व प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा।

### ठेका श्रमिक के साथ गाली-गलौज और मारपीट




**गंडई पंडरिया।** बंद ट्रांसफार्मर को सुधारने गए विद्युत मंडल के ठेका श्रमिक रवि कुमार जंघेल के साथ जीराटोला के दो लोगों द्वारा गाली गलौच करते हुए मारपीट करने का मामला सामने आया है। श्रमिक रवि जंघेल ने मोहगाव थाना में शिकायत दर्ज कराया है। अपनी शिकायत रवि कुमार जंघेल पिता धुरसिंग जंघेल ने बताया कि गत 4 जुलाई को रात्रि 8 से 9 बजे के बीच गांव में लगे ट्रांसफार्मर का एक फेस बंद होने की सूचना ग्रामवासी ने दिया था। ग्रामवासियों की मौजूदगी में सुधारने के दौरान चैनलाल वर्मा एवं मंजु वर्मा ने आकर गाली गलौच करते हुए डंडे से मारने लगे। मारपीट से उसकी नाक एवं सिर मे चोट लगी। पुलिस ने जांच उपरांत धारा 115 (2) बीएनएस 296 बीएनएस एवं 3(5) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है।

### प्रवेश उत्सव के साथ पौधरोपण



**डोंगरगढ़।** स्वामी आत्मानंद स्कूल में गत दिनों प्रवेशोत्सव मनाया गया। इस मौके पर पौधरोपण करने के साथ सरस्वती सायकल योजना के तहत 70 छात्राओं को निःशुल्क सायकल वितरित किया गया। कार्यक्रम की शुरूवात मां सरस्वती एवं भारत माता की पूजा अर्चना से हुई। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक विनोद खांडेकर ने शिक्षा के महत्व से अवगत कराया। उन्होंने पौधों को वृक्ष बनाने तक देखभाल करने की नसीहत दी। कार्यक्रम में सुरेन्द्रन्नोआना, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, प्रकाश चौरडिया, कुलवंत कक्कड़, अमित जैन, परविंदर सिंग मोंटी, अमित जैन आदि उपस्थित थे।

## अधिकारी और जनप्रतिनिधि नहीं दे रहे ध्यान

# सरकारी उपेक्षा से जर्जर सड़क, सफर कष्टदायक

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबागढ़ चौकी



वनांचल के विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के दावों के बीच जो तस्वीर सामने आ रही है वह काफी चिंताजनक है।

अंचल में कई ऐसे गांव हैं जहां तक पहुंचने के लिए आज भी पक्की सड़क नहीं है। वनांचल के लोग जर्जर सड़कों पर सफर करने मजबूर हैं।

जानकारी के अनुसार विकासखंड के अंतिम छोर पर स्थित ग्राम पंचायत टाटेकसा के ग्रामीण एक दशक से चिल्हाटी से टाटेकसा- पाटन मार्ग की खराब हालत की ओर जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों का ध्यान आकर्षित करा रहे हैं किन्तु इस सड़क के अब तक नहीं बनने से ग्रामीणों को आवागमन से काफी परेशान होना पड़ रहा है। बरसात लगने के बाद सड़कों के गड्ढो में पानी भरने से सफर के दौरान ग्रामीणों को अक्सर हादसों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने बताया कि इस रास्ते से गुजरने के दौरान कई मोटरसाइकिल सवार गिर कर चोटिल हो चुके है। अच्छी बात यह है कि अब तक किसी की जान नहीं गई है।

### सीएम के आने पर मरम्मत

ग्रामीणों ने बताया कि कांग्रेस शासन काल में तत्कालीन मुख्यमंत्री भुपेश बघेल के भेंट मुलाकात कार्यक्रम शामिल होने पहुंचे थे। मुख्यमंत्री के प्रवास को देखते हुए अधिकारियों ने रातो रात चिल्हाटी से टाटेकसा सड़क मार्ग का मरम्मत करा दिया था। हड़बड़ी में कराया गया कार्य ज्यादा दिनों तक टिका और वर्तमान में सड़क फिर जजर्र हो गई है।

### आंदोलन की चेतावनी

ग्राम पंचायत टाटेकसा के ग्रामीण जर्जर सड़क से काफी परेशान हो चुके हैं। सरपंच रामाधीन पैकरा, पंच शिवलाल उमरे, गोपीचंद चन्द्रवंशी, गयाराम कोर्राम, सुंदरलाल यादव, सुरेंद्र कुमार, मोहनलाल पटेल, ईश्वर पटेल सहित अन्य ग्रामवासियो ने कहा है कि जल्द ही खराब सड़क को सुधारा नही गया तो सभी एक जुट होकर आंदोलन करने मजबूर होंगे।

# सेवानिवृत्त प्रधान पाठकों की समारोहपूर्वक विदाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

केन्द्र पेंदाकोड़ो में कार्यक्रम आयोजित कर प्राथमिक शाला हिद्दड़ के प्रधान पाठक ज्ञान सिंह साहू, प्राथमिक शाला मजियापार के प्रधान पाठक भागीरथी कुंजाम, हाईस्कूल पेंदाकोड़ो के व्याख्याता रमेश कुमार साहू एवं माध्यमिक शाला पेंदाकोड़ो के भृत्य चुरामन लाल देवांगन के सेवानिवृत्त होने पर विदाई दी गई।

समारोह में संकुल प्राचार्य ओमवती राठौर एवं संकुल समन्वयक श्री नूतन सिंह साहू ने कर्मचारियों को शिक्षकीय जीवन की सराहना करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। संचालन कर रहे शिक्षक सोहनलाल कोठारी, ललित कुमार साहू ने सेवानिवृत प्रधानपाठकों के कार्यकाल को प्रेरणादायक बताया। संकुल प्राचार्य एवं समन्वयक ने सेवानिवृत कर्मचारियों को श्रीफल एवं शॉल भेंट कर सम्मानित किया। शिक्षकों ने स्मृति चिन्ह तथा पेंट शर्ट दिया।

इस मौके पर भुवनदास मानिकपुरी, लेखराम साहू, नरेंद्र जंघेल, गंगा प्रसाद धुर्वे, काशीराम कवलिया, आत्माराम नेताम, कन्हैयालाल गोटे, ओमप्रकाश कोवाची, हरिशंकर देशलहरा, दीनदयाल साहू, यशवंत मंडावी, उमा यादव, दीप्ति ठाकुर, कुमुद कुंजाम, कमलेश्वरी शाह, संध्या हिडामे, धनेश्वरी कोडापे, चंद्रिका कोमरे, बीना मंडावी, शिवकुमारी धीवर, देवनी कोमरे आदि मौजूद थे।

### अब विस में गूंजेगा रेत का मामला

**डोंगरगढ़।** मुड़पार से रेत चोरी का मामला उजागर होने के बाद राज्य शासन ने एसडीएम का तबादला कर दिया है। उल्लेखनीय है कि रेत चोरी एवं एसडीएम द्वारा की गई कार्यवाही को लेकर कांग्रेस ने थाने में शिकायत कर कार्यवाही की मांग की थी। मामले के सुर्खियों में आने के बाद शासन ने अनुविभागीय अधिकारी उमेश पटेल का तबादला करते हुए अपर सचिव के पद पर पदस्थ किया है। इस कार्रवाई के बाद मामला के शांत होने की संभावना कम है क्योंकि आगामी 22 जुलाई से विधानसभा का सत्र शुरू होने वाला है। विधायक दलेश्वर साहू एवं हर्षिता स्वामी बघेल इस मामले को अब विधानसभा में उठाने वाले हैं।

## गांव में चला सघन स्वच्छता अभियान



**डोंगरगांव।** ब्लाक के अधीन आने वाली ग्राम पंचायत कोनारी एवं आरी में जनपद सीईओ नवीन कुमार मसियारे, ओपी जैन आदि की उपस्थिति में स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान में शामिल होकर स्कूल के शिक्षकों, पंचायत सचिव, स्वच्छता समूह, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता आदि ने गांव के विभिन्न स्थानों पर फैली गंदगी और कचरों को साफ किया।

### जितेन्द्र सिंह अध्यक्ष निर्वाचित



**घुमका।** साख समिति घुमका के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्यों का निर्विरोध चुनाव किया गया। गुरुवार को रिटर्निंग अफसर एसएन चकलादर ने चुनाव संपन्न कराया। सभी पदाधिकारियों के निर्विरोध निर्वाचित होने के बाद प्रमाण पत्र जारी किया। अध्यक्ष पद पर जितेंद्र सिंह बैस, उपाध्यक्ष बलराम बंधे, सदस्य गणेश वर्मा, खिलेंद्र साहू, सरस्वती बघेल, हीराराम वर्मा, गोरेलाल वर्मा, दिलीप बघेल, रुकधन लाल चुरेंद्र निर्वाचित हुए हैं।

# घरेलू सामग्री से बच्चों को पढ़ाएंगी महिलाएं





**डोंगरगांव।** अंगना म शिक्षा कार्यक्रम के तहत प्राथमिक शाला सुख़री में पढ़ई तिहार मनाया गया। आयोजन में गांव की चयनित महिलाओं को घरेलू सामग्री का उपयोग कर पढ़ाना सिखाया गया। यह महिलाएं घरेलू कामकाज करते हुए अपने बच्चों को पढ़ाएंगी। अंगना म शिक्षा कार्यकम में शामिल अंजू साहू, तिमला साहू, यशोदा, नूतन, सरस्वती निषाद, भगवंतीन साहू आदि महिलाओं को प्रधान पाठक सपना भारद्वाज, शिक्षक सरस्वती साहू, गिरजा साहू ने घरेलू कामकाज करते हुए उपलब्ध सामानो का उपयोग कर अपने बच्चों पढ़ाने प्रोत्साहित किया। इन महिलाओं को कटोरी, चम्मच, गिलास, आलू, प्याज़ आदि के माध्यम से गिनती, रंग की पहचान, सब्जियों- फलों के नाम, खिलौनों से जानवरों के नाम सिखाने के बारे में बताया गया।

### मुंजाल में शिक्षा मेला

**मोहला।** अंगना म शिक्षा कार्यक्रम का आयोजन प्राथमिक शाला मुंजाल में किया गया। कार्यक्रम में नवप्रवेशी बच्चों एवं माताओं का स्वागत करने के साथ शिक्षा मेले का आयोजन किया गया। मेला में बच्चो की शाला पूर्व तैयारी, आंकलन आदि को लेकर 9 काउंटर बनाकर शिक्षकों ने जानकारी दी। इस मौके पर माताओं को बताया गया कि वह किस प्रकार घर पर रहकर भी अपने बच्चों को घर की वस्तुओं का उपयोग कर भाषा एवं गणित समझा सकती हैं।इस मौके पर जिला नोडल प्रमिला यादव ने बताया कि अंगना य शिक्षा कार्यक्रम बच्चों एवं माताओं के बीच की बेसिक शिक्षा एवं शाला पूर्व तैयारी का एक उचित माध्यम है। इस मौके पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी राजेन्द्र देवांगन, बीआरसी खोमलाल वर्मा, संकुल समन्वयक, प्राचार्य दिनेश आडिल, प्रधान पाठक रोशनलाल यादव आदि मौजूद थे।

# सरकारी जमीन पर अवैध प्लाटिंग, कार्रवाई नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़



शहर के आसपास शासकीय जमीनों पर अतिक्रमण और अवैध प्लाटिंग का मामला सामने आने के बाद अधिकारियों ने प्लाटिंग वाली जमीन की रजिस्ट्री पर रोक लगा दिया है।

जानकारी के अनुसार बीते 3 सालो में शहर और आसपास में बड़ी संख्या में अवैध प्लाटिंग करते हुए 100 से अधिक प्लाटों की रजिस्ट्री कराया जा चुका है। जानकारी के अनुसार उपर मंदिर क्षेत्र के आसपास ग्रीनबेल्ट घोषित होने के बाद भी प्लाटिंग काटकर जमीन बेच दिया गया है। इस क्षेत्र में बिना परमिशन के निर्माण भी किए जा रहे है। राजस्व विभाग ने करवारी, टिकरापारा, अछोली की शासकीय जमीन पर अतिक्रमण को हटाने की बात कही थी किन्तु अब तक किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं हो सकी है।

## आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती प्रीति वर्मा ध.प. विरेन्द्र कुमार वर्मा निवासी वार्ड नं. 10 लिटिया तह. व जिला राजनांदगांव ने प्रेमचंद वर्मा आ. बरातु राम वर्मा निवासी ग्राम लिटिया तह. व जिला राजनांदगांव को अपने स्वामित्व की भूमि खसरा नंबर 148/16 रकबा 0.020 हे. स्थित ग्राम लिटिया तह. व जिला राजनांदगांव के संबंध में आम मुख्तयारनामा दिनांक 13.02.2024 को उपपंजीयक राजनांदगांव में निष्पादित किया था तथा आवेदिका श्रीमती प्रीति वर्मा ने उक्त मुख्तयारनामा दिनांक 13.02.2024 का जो प्रेमचंद वर्मा आ. बरातु राम वर्मा के पक्ष में निष्पादित किया था उसे दिनांक 06.06.2024 को उपपंजीयक कार्यालय राजनांदगांव में निरस्त करा दिया है जिसकी जानकारी आवेदिका प्रीति वर्मा ने प्रेमचंद वर्मा आ.बरातु राम वर्मा को दे दिया था।

कि, प्रेमचंद वर्मा आ. बरातु राम वर्मा से उक्त भूमि के संबंध में कोई व्यक्ति सौदा न करें और क्रय न करें यदि कोई व्यक्ति उक्त भूमि के संबंध में प्रेमचंद वर्मा आ. बरातु राम वर्मा से सौदा करता है तो वह अमान्य होगा। सूचना जाने।

राजनांदगांव
दिनांक : 05.07.2024

भवदीय
श्रीमती प्रीति वर्मा
ध.प. विरेन्द्र कुमार वर्मा

# स्कूलों में बच्चों ने किया पौधारोपण



**डोंगरगढ़।** प्राथमिक शाला उरईडबरी में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया गया। संस्था के प्रधान पाठक ऋतुराज साहू ने पौधों की महत्ता पर प्रकाश डाला। इस दौरान आंवला, जामुन, नीम, करण, गुलमोहर आदि के पौधे लगाएं गए। पंचायत सचिव केशवराम नेताम ने ज्यादा से ज्यादा पेड़ पौधे लगाने के लिए ग्रामीणों को प्रेरित किया। राजकुमार चंद्रवंशी, गिरवर चंद्रवंशी और योगीलाल वर्मा, प्यारीलाल साहू, रोजगार सहायक नंदकुमार बंजारे ने अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर गोपीचंद मानिकपुरी, डेरहिन साहू, तिजिया बाई, धनकुंवर, पुसऊराम, मनोहर, खेमिनबाई, सकीना, अगसियाबाई, प्रेमबाई, राजकुमारी, जामवंत वर्मा, दीपक टंडन, नारद सोनवानी, रूपेश कुमार, गोपी आदि मौजूद थे।

### एक पेड़ मां के नाम

**डोंगरगढ़।** शहर के वार्ड 20 भुरवाटोला में एक पेड़ मां के नाम अंतर्गत पौधरोपण किया गया। प्रगति महिला मंडल के सदस्यों और वार्डवासियों ने नीम, पीपल, गुलमोहर, आम, जाम, जामुन, आवला सहित अन्य प्रजाति के पौधे रोपे। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक विनोद खांडेकर ने सभी से पौधे लगाने का आव्हान किया। सांसद प्रतिनिधि परमिंदर सिंह मोंटी ने भी संबोधित किया।



## पाठक सूचना

राजनांदगांव जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319268069, 9425565082

गायत्री प्रा. आई.टी.आई

ITI ▸ RAJNANDGAON

Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)

भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट

REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)

गायत्री एजुकेशन कैम्पस,
ग्राम पदुमतरा जिला - राजनांदगांव
81090-28740 • 89595-44444

## खबर संक्षेप

### आज राज्य व राष्ट्रीय अवार्डी शिक्षकों की बैठक



**राजनांदगांव।** राज्य एवं राष्ट्रीय अवार्डी शिक्षकों की बैठक कल 7 जुलाई को दोपहर 12.30 बजे संकल्प 18 कैलाश रेसीडेंसी मीरा दातार रोड बोटल हाऊस के आगे शंकरनगर रायपुर में रखी गई है। जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य के सम्मानीय राज्य एवं राष्ट्रीय अवार्डी शिक्षकों के लिए विभिन्न मुद्दों पर चर्चा किया जाएगा। डॉ. विष्णु शर्मा प्रदेश सचिव एवं डॉ. प्रदीप साहू आजीवन सदस्य छत्तीसगढ़ राज्य एवं राष्ट्रीय अवार्डी फोरम ने कहा कि दो सूत्रीय मांग पूरा कराने पर चर्चा, राज्यपाल एवं राष्ट्रपति से पुरस्कृत शिक्षकों को पारी बाहर पदोन्नति, राज्यपाल एवं राष्ट्रपति पुरस्कृत शिक्षकों की सेवानिवृत्ति तिथि दो वर्ष की बढ़ोतरी की मांग पर चर्चा, आय-व्यय की जानकारी, राज्य एवं राष्ट्रीय अवार्डी फोरम पुनर्गठन, अध्यक्ष के अनुमति से अन्य विषय पर चर्चा संघ की एकजुटता व सदस्यता पर चर्चा किया जाएगा।

### हिन्दू जागरण मंच की बैठक आयोजित

**राजनांदगांव।** हिन्दू जागरण मंच की बैठक महावीर हनुमान मंदिर राजनांदगांव में आयोजित की गई। इस दौरान तीर्थराज यादव को प्रांत टोली एवं पुष्पेन्द्र साहू को जिला संयोजक बनाया गया।
बैठक में राजनांदगांव जिला कार्यकारिणी विस्तार किया गया। जिसमें अवधेश दुबे प्रांत संयोजक, राजेश भार्गव प्रांत संगठक ने हिन्दू जागरण मंच के कार्यों और कार्यशैली को विस्तार से जानकारी प्रदान की। प्रमुख रूप से राजेश खांडेकर प्रांत विधि आयाम प्रमुख जिले की कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। इसमें राजनांदगांव जिला संयोजक आदर्श सिंह ठाकुर, जिला सह संयोजक पुष्पेंद्र साहू, जिला युवा आयाम सुधीर ठाकुर, जिला प्रचार आयाम विवेक मिश्रा, जिला विधि आयाम सुनील पासवान, जिला सम्पर्क प्रमुख आयाम मनीष झा, जिला सूचना संग्रह आयाम चिन्टू हुका, जिला कार्यालय प्रमुख राकेश साहू, जिला कार्यकारिणी सदस्य रोहित शर्मा, अं. चौकी में चंदन उपाध्याय को संयोजक, शत्रुघ्न नेताम को सह-संयोजक एवं कार्यकारिणी सदस्य के रूप में केशव सिन्हा की घोषणा की गई। बैठक में अमन शर्मा, हर्ष साहू, रूपेश देवागंन, देवा वाघमारे, प्रिंस भाटिया आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### शाला प्रबंधन एवं विकास समिति गठित



**राजनांदगांव।** शासकीय प्राथमिक शाला भोथीपारकला में गत दिनों शाला प्रबंधन एवं विकास समिति का गठन किया गया। इसमें 16 सदस्य है। समिति में सभी वर्ग ओबीसी, एससी, एसटी एवं महिलाओं के साथ ही पंचायत प्रतिनिधि को शामिल किया गया है। इस संबंध में सदस्यों की एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें सर्वसम्मति से रूपदास साहू को अध्यक्ष एवं अनिता जोशी को उपाध्यक्ष बनाया गया है। समिति के सचिव गजाधर साहू प्रधान पाठक एवं कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश साहू शिक्षक हैं। अन्य सदस्यों में शिक्षाविद के रूप में वरिष्ठ नागरिक जीवनलाल साहू, पंचायत प्रतिनिधि के रूप में निर्मला साहू, पालक वर्ग से मोहितराम साहू, चेतनदास साहू, देवकरण साहू, अनिल राय, उदेराम ठाकुर, महिला वर्ग से रूक्मणी जोशी, कोमिन ठाकुर, लीला ठाकुर, चंपा साहू, ममता साहू शामिल हैं।

### तैयारी के संबंध में 9 को बैठक

**राजनांदगांव।** कलेक्टर संजय अग्रवाल की अध्यक्षता में 9 जुलाई 2024 को सुबह 11 बजे कलेक्टोरेट सभाकक्ष में स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारी के संबंध में बैठक आयोजित की गई है। बैठक में सभी अधिकारियों को उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं।

## अतिथियों सहित जनप्रतिनिधि बच्चों के साथ न्योता भोज में हुए शामिल

# खगोल विज्ञान प्रयोगशाला का शुभारंभ, एक पेड़ मां के नाम थीम तहत किए पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

संभाग के सबसे बड़े खगोल विज्ञान प्रयोगशाला का सांसद संतोष पांडेय ने शुभारंभ किया और बच्चों के साथ पंगत में न्यौता भोजन का आनंद उठाकर प्रवेशोत्सव मनाया। शहर के प्राशा क्रमांक दो में आयोजित कार्यक्रम मे सांसद संतोष पांडेय ने कहा कि वो शिक्षक के बेटे है और उनके पिताजी ने खैरागढ़ में ही रहकर पढ़ाई की है।

जीवन में पहली शिक्षक मां होती है जो अपने बच्चों को पहली बार शिक्षा देने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती है। उसके बाद शाला आने पर शिक्षक हमारा गुरु होता है। पहले शिक्षक बिना हर काम अधूरा माना जाता था अब यह सबकुछ बदल गया है लेकिन हम शिक्षक से ही सीखते है उनही की बदौलत भारत को विश्व गुरु बनाया है जैसे चाणक्य ने एक अच्छे शासक का चुनाव कर लोक कल्याणकारी शासन की स्थापना की थी। एस्ट्रोनामी लैब की शुरूआत को गर्व की बात बताते हुए उन्होंने विद्यार्थियों को अच्छे से अध्ययन कर जीवन में बेहतर कार्य करने प्रेरित किया। वही इस प्रकार के कामों को अमलीजामा पहनाने योजनाबद्ध तरीके से बजट बनाकर देने कहा।






### सामुदायिक सहयोग से अनुकरणीय निर्माण

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने कहा कि मुझे गर्व है मेरी प्राथमिक शिक्षा इसी शाला में हुई है। एस्ट्रोनॉमी लैब में खगोलीय उपकरण छात्र-छात्राओं को खगोल विज्ञान से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी उपलब्ध कराने के साथ साथ शिक्षक-शिक्षिकाओं, समुदाय के लिए भी उपयोगी है। उन्होंने कहा की लैब का निर्माण जनभागीदारी से हुई है, जो अनुकरणीय है। जिले के स्कूल में ऐसे लैब के होने से बच्चे नई तकनीक से अपने अध्ययन को बेहतर तरीके से करेंगे। दिशा समिति सदस्य भागवत शरण सिंह ने प्राथमिक शाला क्रमांक दो के ऐतिहासिक महत्व की जानकारी दी और कहा कि शाला जीर्णोध्दार होना अपने आप मे महत्वपूर्ण कार्य है।

### अध्यक्ष ने किया कार्यभार ग्रहण

लैब शुभारंभ बाद नपा कार्यालय में सांसद संतोष पांडेय की उपस्थिति मे अमलीपारा वार्ड 12 भाजपा पार्षद गिरजा चंद्राकर ने नगर पालिका परिषद के कार्यवाहक अध्यक्ष के रूप मे शपथ ग्रहण किया। पूर्व विधायक कोमल जंघेल, जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह व जिला भाजपाध्यक्ष घम्मन साहू कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि थे। कार्यक्रम में एसडीएम टंकेश्वर प्रसाद साहू ने गिरजा चंद्राकर को पद की शपथ दिलाई। सांसद सहित सभी अतिथियो ने नवनियुक्त अध्यक्ष को बधाई देते हुए कहा कि कांग्रेस शासन काल के दौरान शहर विकास की धीमी रफ्तार अब उनके नेतृत्व मे दुगुनी तेजी से आगे बढ़ेगी। इस दौरान जिला महामंत्री रामाधार रजक, भागवतशरण सिंह, राकेश गुप्ता, भाजयुमो जिलाध्यक्ष आयश सिंह बोनी, कमलेश कोठले, आलोक श्रीवास, शहर मंडल अध्यक्ष विनय देवांगन सहित सभी भाजपा वार्ड पार्षद व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### समाजसेवियों सहित बच्चों को किया सम्मानित

कार्यक्रम मे सांसद संतोष पांडेय ने लैब निर्माण में सहयोग करने वाले समाज सेवियों विकास आर्या, शुभम सिंह, सुरेंद्र जैन, विजय सिंह बैस, नवीन जैन, समसुल होंदा खान, मदनी खान को शॉल, श्रीफल व प्रतीक चिंह भेंटकर सम्मानित किया। इसके अलावा दसवी बारहवी बोर्ड परीक्षा मे टॉप टेन, एनएमएमएसई और नवोदय विद्यालय के लिए चयनित बच्चों व शिक्षकों को प्रमाण पत्र वितरित किया। निशुल्क गणवेश व पाठ्यपुस्तक वितरण अलावा परिसर मे एक पेड़ मॉ के नाम थीम पर पौधा रोपा गया। खंड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम के तहत छोटे छोटे बच्चों के हाथो का छापा लिया गया। इस दौरान जिपं सभापति घम्मन साहू, जिपं सभापति विप्लव साहू, नपा अध्यक्ष गिरजा चंद्राकर, नपा उपाध्यक्ष रज्जाक खान, तीरथ चंदेल, मंडल अध्यक्ष विनय देवांगन, राकेश गुप्ता, अजय जैन सहित अन्य जनप्रतिनिधियो के अलावा डीएफओ आलोक तिवारी, एसडीएम टंकेश्वर प्रसाद साहू, डीईओ लालजी द्विवेदी, बीआरसी सुजीत सिंह चौहान, एबीईओ केएल आमेला, कमलेश्वर सिंह, धृतेन्द्र सिंह, निमेश सिंह, प्रणय महोबे, प्रयाग सिंह, रामलाल साहू, कोमल कोठारी, निखिल सिंह, चंद्रशेखर गुनी सहित स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारी कर्मचारी व शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद थे।

### शिक्षा में नई-नई पद्धति आवश्यक

कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने कहा की शुभारंभ के पहले वो खुद निरीक्षण में आए थे इसे और भी बेहतर करने हर संभव प्रयास किया जाएगा। आज का दिन शहर के लिए ऐतिहासिक महत्व रखता है। उन्होंने कहा कि इस जर्जर स्कूल में बहुत ही गुणवत्ता के साथ सभी के सहयोग से यह अभिनव पहल हुआ है जिस वजह से आज एक खूबसूरत एस्ट्रोनॉमी लैब बन पाया है। उन्होंने कहा कि शिक्षा में नई पद्धति का आगमन अनिवार्य है, जिसे विद्यार्थी व आम जनता अच्छे से पढ़ समझ सके। इससे पूर्व बीईओ नीलम सिंह राजपूत ने बताया की लैब का निर्माण जनभागीदारी, समाज सेवियो, संकुल समन्वयको शिक्षकों के सहयोग से बनाया गया है। उन्होंने बताया कि प्रति शनिवार को जिले के शिक्षक बच्चों को लैब का अकादमिक भ्रमण करा सकेंगे। प्रयोगशाला में छात्र उच्च गुणवत्ता वाले दूरबीनों का उपयोग करके सितारों, सौर मंडल, ग्रहों और आकाशगंगा जैसे खगोलीय पिंडों और घटनाओं का निरीक्षण कर सकेंगे जो आने वाले समय में उनके काम आएगा।

### तरल एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की दी जानकारी



**राजनांदगांव।** कलेक्टर संजय अग्रवाल के नेतृत्व में जिले के सभी ग्रामों को स्वच्छ रखने के साथ ही ओडीएफ प्लस मॉडल बनाने का कार्य किया जा रहा है। जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह के निर्देशन में जनपद पंचायत डोंगरगांव एवं छुरिया अंतर्गत सभी ग्राम को ओडीएफ मॉडल ग्राम बनाने सचिवों एवं स्वच्छग्राही समूह की दीदीयों को ग्राम स्तर पर मास्टर ट्रेनर बनाए जाने प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण में सचिवों एवं स्वच्छग्राही समूह की दीदीयों को ग्राम को ओडीएफ प्लस मॉडल के बनाने, ओडीएफ स्थायित्व बनाए रखने तथा सभी घरों में क्रियाशील व्यक्तिगत शौचालय को बनाए रखने, तरल अपशिष्ट प्रबंधन, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के तहत सूखा कचरा और गीला कचरा को पहचानकर अलग-अलग रखने के साथ ही घर-घर से सूखा कचरा संग्रहण करने के बाद उसके सुरक्षित निपटान के बारे में बताया गया।

जनपद सीईओ नवीन कुमार एवं शिल्पा देवांगन ने सभी सचिवों को लक्ष्य अनुरूप ग्रामों को ओडीएफ प्लस मॉडल बनाने निर्देशित किया। राज्य सलाहकार स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण मधुरिमा मसीह द्वारा प्रशिक्षण में ग्राम स्तर पर प्लास्टिक प्रतिबंध के साथ-साथ ग्राम को स्वच्छ एवं सुन्दर बनाए रखने के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। जिला समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन छोटेलाल साहू, यूनिसेफ रायपुर से बसंत मारकंडे व प्रेमकुमार, वॉटर एड इंडिया के भूपेश साहू, ब्लॉक समन्वयक बैद्यनाथ वर्मा एवं नंदकिशोर साहू द्वारा विषयवार प्रशिक्षण दिया गया।

# कलेक्टर ने की विभिन्न गतिविधियों की समीक्षा

- विद्यार्थियों को विभिन्न विषयों के बारे में जानने बनाएं जिज्ञासु - कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



कलेक्टर संजय अग्रवाल ने शुक्रवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में शिक्षा विभाग द्वारा संचालित विभिन्न गतिविधियों की समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि शिक्षकों पर भावी पीढ़ी तैयार करने की बड़ी जिम्मेदारी है और इस जिम्मेदारी को शिक्षक बखूबी निभाएं। विद्यार्थी को किसी विषय के बारे में जानने जिज्ञासु बनाएं, इसके लिए उनके विहिवेयर चेंज के लिए एक अच्छा माहौल तैयार करें। इससे बच्चों में सीखने की प्रवृत्ति बढ़ेगी और विद्यालय आने के लिए उत्साहित रहेंगे। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह, परियोजना अधिकारी साक्षरता रश्मि सिंह, बीईओ, बीआरसी, संकुल समन्वयक सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर ने कहा कि शिक्षक विद्यालय में सकारात्मक वातावरण बनाएं और बच्चों में सकारात्मक नजरिया अपनाने प्रेरित भी करें। बच्चे विद्यालय में काफी समय रहते हैं और इस बीच उन्हें अधिक से अधिक शिक्षा ग्रहण करने प्रेरित करें। उन्होंने बच्चों में अनुशासन लाने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षक समय के पाबंद रहें और बच्चों में भी समय पर विद्यालय पहुंचने और टाईम मैनेजमेंट करना सीखाएं। कलेक्टर ने कहा कि वर्तमान में भू-जल का अधिक दोहन हो रहा है। जिसके फलस्वरूप भू-जल स्तर नीचे गिरा है। भू-जल स्तर को बढ़ावा देने तथा बच्चों में जल संरक्षण और जल संचय की प्रवृत्ति को भी बढ़ावा दें। इसके अलावा छात्रों को पर्यावरण के संरक्षण एवं संवर्धन के बारे में बताएं और उनके कार्यों के लिए प्रोत्साहित भी करें। शालेय परिसर की साफ-सफाई, स्वच्छता के साथ व्यक्तिगत स्वच्छता के बारे में भी समझाईश दें। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में निर्धारित पाठ्यक्रमों के अध्यापन के अलावा पाठ्येत्तर गतिविधियां भी कराएं। सप्ताह में शनिवार के दिन बच्चों के लिए पाठ्येत्तर गतिविधियां कराई जा सकती है। उनमें वाक क्षमता को बढ़ावा देने का प्रयास किया जाना चाहिए।

बैठक में जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह ने उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि कक्षा 11वीं एवं 12वीं के विद्यार्थी इस कार्य को बेहतर ढंग से कर सकते हैं, इसके लिए बच्चों को तैयार करें। उन्होंने कहा कि इसके लिए असाक्षरों का चिन्हांकन करने के बाद उन्हें पढ़ाने छात्रों को प्रशिक्षित करना होगा। बैठक में कलेक्टर ने शिक्षा विभाग द्वारा संचालित विभिन्न गतिविविधयों की समीक्षा की। इसके तहत उन्होंने पीएमश्री स्कूल योजना, आरटीई, स्कूल जतन योजना, छात्रवृत्ति योजना, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय, बोर्ड परीक्षा परिणाम, साइकिल वितरण, शालेय गणवेश वितरण, पाठ्यपुस्तक वितरण सहित अन्य गतिविधियों की जानकारी ली।

# मुकेश राजनांदगांव में परियोजना संभाग के नए कार्यपालन अभियंता

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड राजनांदगांव में परियोजना संभाग के नए कार्यपालन अभियंता की जिम्मेदारी मुकेश कुमार साहू ने विधिवत चार्ज लेकर संभाल लिया है। विद्युत कंपनी मुख्यालय रायपुर द्वारा जारी आदेशानुसार निवर्तमान ईई प्रोजेक्ट एसके चंद्राकर का स्थानांतरण ईडी ओएंडएम रायपुर एवं मुख्य अभियंता कार्यालय राजनांदगांव में पदस्थ कार्यपालन अभियंता मुकेश कुमार साहू को प्रोजेक्ट संभाग के नए कार्यपालन अभियंता बनाए जाने पर उन्हें राजनांदगांव क्षेत्र के मुख्य अभियंता टीके मेश्राम ने शुभकामनाएं दी।

कार्यपालन अभियंता एसके चंद्राकर सितम्बर 2022 से परियोजना संभाग में पदस्थ रहे। इस दरम्यान राजनांदगांव, मोहला-मानपुर-अं. चौकी एवं खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले में दर्जनों नए 33/11 केव्ही उपकेंद्र का निर्माण, नए 11 केव्ही एवं 33 केव्ही लाइनों का निर्माण, पॉवर ट्रांसफार्मरों की क्षमता वृद्धि, अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मरों की स्थापना, नए कृषि पंपों के कनेक्शनों के लिए लाइन विस्तार के कार्य जैसे अनेक विद्युत विकास के कार्यों को अमलीजामा पहनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अभियंता टीके मेश्राम ने कहा कि



विद्युत कंपनी के सेवाकाल में स्थानांतरण एक स्वभाविक प्रक्रिया है और इस प्रक्रिया के तहत मिले नए दायित्वों एवं चुनौतियों का सामना करते कंपनी के हित को सर्वोपरि रखना, हमारी नैतिक जिम्मेदारी हैं। उन्होंने कहा कि नए स्थानों पर नए जिम्मेदारियों के लिए सदैव तैयार रहकर कंपनी एवं उपभोक्ता के हित में काम करते अपने पदों के साथ न्याय करने पर ही संतुष्टि मिलेगी। पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के अधिकारी-कर्मचारियों ने भी कार्यपालन अभियंता श्री चंद्राकर के प्रति अपनी भावनाओं को अभिव्यक्त किया तथा उनके नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की। इस अवसर पर अधीक्षण अभियंता केसी खोटे, कार्यपालन अभियंता आरके गोस्वामी, बीरबल उइके, एनके साहू, सहायक अभियंता अजय विश्वकर्मा, अनिल रामटेके सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन पीआरओ धर्मेन्द्र शाह मंडावी द्वारा किया गया।

# साफ सफाई करने से शरीर के साथ मन भी होता है स्वच्छ

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



कॉन्फ्लुएंस कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा नियमित गतिविधि के अंतर्गत स्वयं सेवकों ने महाविद्यालय परिसर मैदान में पेड़-पौधों के आसपास उगे खरपतवार और घास-फूस की सफाई किया और पूरे मैदान के खराब उगे झाड़ियां की सफाई की गई।

रासेयो कार्यक्रम अधिकारी प्रो. विजय मानिकपुरी ने बताया कि नियमित गतिविधि के अंतर्गत सप्ताह में एक दिन निर्धारित कर स्वच्छता अभियान चलाया जाता है। जिससे शरीर, मन और आत्मा को स्वच्छ और शांतिपूर्ण रखकर अच्छे चरित्र के निर्माण के उद्देश्य की पूर्ति के लिए छात्रों के बीच आयोजन किया गया। लोगों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए स्वच्छता बहुत आवश्यक है। यह हमें गंदगी और बीमारियों से दूर रहने के साथ स्वस्थ और खुशहाल जीवन जीने में मदद करती है। अभियान का मकसद गलियों, सड़कों एवं कॉलेज को साफ-सुथरा करना है। पर्यावरण को प्रदूषित होने से बचाने के उद्देश्य से किया गया। साफ-सफाई केवल सफाई कर्मचारियों की ही जिम्मेदारी नहीं है, यह हम सभी नागरिकों की भी जिम्मेदारी है, के उद्देश्य के साथ आयोजन किया गया। अपने आसपास साफ सुरक्षित रखें, इसीलिए राष्ट्रीय सेवा योजना की विद्यार्थियों द्वारा जोर-शोर से यह अभियान चलाया जा रहा है।

कॉन्फ्लुएंस महाविद्यालय के डायरेक्टर आशीष अग्रवाल, संजय अग्रवाल एवं डॉ. मनीष जैन ने संयुक्त रूप से स्वच्छता अभियान की सराहना की। आयोजन में महाविद्यालय के प्रीति इंदौरकर, राधेलाल देवांगन सहित राष्ट्रीय सेवा योजना के विद्यार्थी तथा महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं की सराहनीय सहभागिता रही।

### जागरूकता लाने का किया प्रयास

प्राचार्य डॉ. रचना पांडे ने कहा कि महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना की विद्यार्थियों ने जागरूकता अभियान के अंतर्गत महाविद्यालय परिसर में रखे कूड़ेदान की साफ-सफाई, पान-गुटखा की पॉलीथिन और घास-फूस की सफाई से जागरूकता लाने का प्रयास किया है, क्योंकि पुरानी आदतों को बदलने में समय लगेगा, लेकिन यह इतना मुश्किल काम भी नहीं है कि हम सीख भी ना सकें।

## जिले के स्काउट-गाइड रोवर रेंजर्स कुल्लू-मनाली में आयोजित शिविर में हुए शामिल

**राजनांदगांव।** स्कूल शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन वित्तीय सहयोग से राज्य स्तरीय पर्वतारोहण आपदा प्रबंधन व्यक्तित्व विकास साहसिक गतिविधि शिविर का आयोजन हिमाचल प्रदेश के कुल्लू-मनाली में किया गया। इस शिविर में जिले के 10 स्काउट गाइड रोवर रेंजर एवं 2 प्रभारी कुल 12 प्रतिभागियों ने भाग लिया। जिसमें शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुरगी, पदुमतरा, हरदुवा, खुज्जी, धौराभाठा, डोंगरी एवं रामाटोला के स्काउट-गाइड रोवर रेंजर मयंक गन्धर्व, खोमेश, समीर वर्मा, योगेश्वरी यादव, रूपेश्वरी पटेल, अनन्या देवांगन, नीरा साहू, सिमरन देशमुख, नेहा भंडारी, प्रतिभा खुटेल सहित प्रभारी नीलकंठ धुर्वे एवं सरिता साहू शामिल हुए। इस दौरान जिले के स्काउट-गाइड रेंजर्स ने नेशनल हेडक्वार्टर लक्ष्मी मजूमदार भवन, पारसा वाटर फॉल्स, 5000 वर्ष प्राचीन पांडवों द्वारा अज्ञातवास के दौरान निर्मित गायत्री मंदिर, प्राचीन हिडीम्बा मंदिर, वीर घटोत्कच मंदिर सहित अन्य स्थलों का भ्रमण कराया गया। एक्टीविटी व्यास नदी पर जिपलाइन, वेलिक्रॉसिंग, स्ट्रिम क्रॉसिंग का अभ्यास कराया गया। स्काउट-गाइड रेंजर्स ने रोहतांग में बर्फ पर चलना, ट्रेकिंग करना, स्नो फॉल, आईस स्लीपिंग, बर्फ का जमना, पिघलना का भी अनुभव किए। इसके अलावा भारत का 9 किलोमीटर लंबा अटल टनल का क्रासिंग कर अवलोकन किया। आर्चरी, रायफल शूटिंग का भी अभ्यास करवाया गया। इस दौरान इंडियन एडवेंचर फाउंडेशन के फाउंडर इफ्राइम अहमद, रोहित झा एवं राजेंद्र सिंह ठाकुर ने ओपन सेशन में बच्चों का अनुभव सुना तथा बच्चों को एडवेंचर के महत्व और उपयोगिता के बारे में बताया।

# गैंद बिहारी मंदिर से निकलेगा रथ, उमड़ेगी भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

शहर में रथ तो पांडादाह मे कांधे मे बैठकर भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ भक्तों को दर्शन देंगे।

शहर मे राजफेमली वार्ड स्थिति गैंद बिहारी मंदिर से पूजा अर्चना बाद विशेष अभिषेक और अंगवस्त्रों से सुशोभित प्रभु का रथ निकलेगा जो राजफेमली से दंतेश्वरी मंदिर परिसर, ठाकुरपारा, बरेठपारा, ईतवारी बाजार, बक्शीमार्ग, गोलबाजार, अस्पताल चौक होते वापस मंदिर परिसर पहुँचेगा। इस दौरान भगवान जगन्नाथ भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ रथ में शहर का भ्रमण करेंगे। रथ को भक्त रस्सों के सहारे खींच कर भ्रमण कराएंगे। इस दौरान प्रभु का जगह-जगह स्वागत पूजन होगा।

रविवार को आयोजित होने वाली रथयात्रा के दौरान साप्ताहिक बाजार होने के चलते भी भारी भीड़ उमडने की संभावना है। वही शहर सहित ग्रामीण इलाको से भी बड़ी संख्या में भक्त जगन्नाथ प्रभु के दर्शन करने और भीगे चने, मूंगव व गुड़ से निर्मित गजा मूंग का प्रसाद पाने शहर पहुंचेगें। दंतेश्वरी मंदिर के पुजारी मुंगलानंद झा ने बताया कि आषाढ़ शुक्ल पक्ष की द्वितीया को पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। गैंदबिहारी मंदिर मे परंपरानुसार षोडपोचार, हवन पूजन बाद रथ निकलेगी।



### कंधे पर होंगे सवार

रियासतकाल में राजनांदगॉव की राजधानी ब्लाक के ग्राम पांडादाह में ओडिसा के पुरी की तरह प्रदेश का पहला जगन्नाथ मंदिर है जहॉ पुरानी किवदंती अनुसार भगवान जगन्नाथ भक्को के कंधो मे बैठकर मंदिर परिक्रमा करते है जिसके बाद भक्तों को उनके दर्शनलाभ का पुण्य मिलता है। गौरतलब है कि अनेक जगहो पर भगवान जगन्नाथ को भाई और बहन के साथ अलग-अलग तरीके से तैयार सुसज्जति रथ पर शहर भ्रमण कराया जाता है, लेकिन पांडादाह में 1707 में भोसले शासन काल से ही भगवान को कंधे पर बिठाकर मंदिर परिक्रमा करने की परंपरा निभाई जा रही है।

### महिलाओं का प्रवेश वर्जित

पाड़ादाह में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ती है जिसे देखते हुए मंदिर सेवा समिति कई बदलाव किया है जिसमें प्रभु की परिक्रमा के दौरान केवल पुरोहित परिवार और मंदिर समिति सदस्य ही परिसर में प्रवेश करेंगें। महिलाओं का प्रवेश वर्जित रहेगा। मेले में दुकान लगाने वाले दुकानदारों को सड़क से पांच फीट पीछे दुकान लगाने की मुनादी भी कराई गई है।

## सार समाचार



### सुरीला सफर का प्रसारण आज

**राजनांदगांव।** दूरदर्शन केंद्र रायपुर छत्तीसगढ़ द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम सुरीला सफर में राजनांदगांव शहर के संगीत कलाकारों द्वारा छत्तीसगढ़ी नए गीतों पर आधारित कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। जिसका प्रसारण कल 7 जुलाई को शाम छह बजे और आठ जुलाई को दोपहर साढ़े तीन बजे डीडीसीजी दूरदर्शन छत्तीसगढ़ चैनल पर किया जाएगा। सुरीला सफर के गीतकार रोहित चंदेल, गायक अतीक अहमद, गफ्फार खान और सबा खान हैं। संगीत संयोजन योगेश थावरे तुक्का, हर्ष कुमार मेश्राम, कार्नेट की धुन मेघराज केमे, तबले पर नूतन दामले, आक्टोपैड पर हेमंत सिन्हा और ढोलक में शुभम शेंडे ने अपनी प्रस्तुति दी। उक्त कार्यक्रम को पिछले 27 जून को रिकार्ड किया गया था। उक्त जानकारी कार्यक्रम संयोजक अतीक अहमद खान ने दी।

### कोसरिया यादव समाज की बैठक आज

**राजनांदगांव।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर नगर इकाई कोसरिया यादव समाज की बैठक कल 7 जुलाई को स्टेट हाईस्कूल के मंच पर आहुत की गई है। नगर इकाई कोसरिया यादव समाज के अध्यक्ष से मिली जानकारी के अनुसार कल 7 जुलाई को सुबह 11 बजे से आगामी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महापर्व को धूमधाम से मनाने विशेष सामाजिक बैठक का आयोजन स्टेट हाईस्कूल मैदान मंच पर किया गया है। बैठक में कार्यक्रम की संपूर्ण रूपरेखा तैयार की जाएगी

### पंचायत सचिव स्थापना दिवस आज

**राजनांदगांव।** पंचायत सचिव स्थापना दिवस राज्य स्तरीय कार्यक्रम कल 7 जुलाई को बलबीर सिंह जुनेजा-ई डोर स्टेडियम रायपुर में होगा। जिला सचिव संघ के अध्यक्ष दीपक वैष्णव ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मुख्य आतिथ्य व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह की अध्यक्षता एवं उप मुख्यमंत्रीद्वय विजय शर्मा व अरूण साव तथा वित्तमंत्री ओपी चौधरी शामिल रहेंगे। संघ के जिला अध्यक्ष श्री वैष्णव के अनुसार कार्यक्रम में जिले के कुल 371 सचिव साथी रहेंगे।

### बोरी में निकाली गई स्वच्छता जागरूकता रैली

**राजनांदगांव।** स्वच्छ भारत मिशन के तहत ग्राम बोरी में स्वच्छता



कार्यक्रम एवं स्वच्छता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राजनांदगांव जनपद पंचायत सीईओ तनुझा मांझी ने विद्यालय परिसर के सामने वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। वहीं प्राचार्य अनीता सहारे द्वारा स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर एडीओ मनीष, बोरी सरपंच हेमपुष्पा देवांगन, जनपद सदस्य ललिता टार्जन, भाजपा नेता लालाराम देवांगन, रतन देवांगन, चंद्रशेखर भरने समेत पंच-सरपंच गण, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व मितानिन शामिल थी।

### बाबूटोला में मनाया गया स्थापना दिवस

**राजनांदगांव।** वार्ड नं. एक बाबूटोला स्थित शक्तिधाम मां महाकाली मंदिर



में 5वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में पूर्व सांसद मधुसूदन यादव, नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु एवं चिखली पुलिस चौकी प्रभारी नरेश कुमार बंजारे भी शामिल हुए। इस अवसर पर रक्तदान व वृक्षारोपण तथा समाज प्रमुखों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विहिप प्रांत सहसंगठन मंत्री नंदूराम साहू ने की। स्थापना दिवस पर आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में पूर्व सांसद मधुसूदन यादव, नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु, विहिप प्रांत सहसंगठन मंत्री नंदूराम साहू, चिखली थाना प्रभारी नरेंद्र कुमार ने भी पौधे लगाए। इस अवसर पर पूर्व सांसद श्री यादव ने समिति की रक्तदान व वृक्षारोपण कार्यक्रम की सराहना करते ऐसे जनकल्याण कार्यक्रमों में अपना सहयोग व सहभागिता की बात कही। इस दौरान किशुन यदु, नरेश कुमार बजारे एवं नंदूराम साहू ने भी अपने विचार रखे।

### पंचायतों, कार्यालयों व शासकीय भूमि में पौधरोपण

**मोहला।** एक पेड़ मां के नाम, जिले में आज बृहद पैमाने पर पौधरोपण



किया गया। जिला मुख्यालय सहित सभी ग्राम पंचायतों, समस्त शासकीय कार्यालयों, शासकीय भूमि पर पौधरोपण किया गया। पौधरोपण के कार्य में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकगणों ने अपनी सहभागिता दी। कलेक्टर एस. जयवर्धन ने कलेक्टर बंगला के सामने पौधरोपण किया। कलेक्टर सहित जिला स्तरीय अधिकारी-कर्मचारियों ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन को बढ़ावा देने की दिशा में अपनी सहभागिता दी है। जिला स्तर पर विकासखंड मोहला के ग्राम परसघाट में पौधरोपण किया गया। जिसमें परियोजना निदेशक हेमंत ठाकुर, अविनाश ठाकुर डिप्टी कलेक्टर, केशवरी देवांगन सीईओ जनपद मोहला, सुभाष गोरे एसडीओ आरईएस मोहला, समस्त जनपद स्टाफ एवं पंचायत पदाधिकारी ग्राम पंचायत पांडरवानी पर्यावरणप्रेमी उपस्थित रहे।



### शराब दुकान में मनाया जन्मदिन, पूर्व लोकेशन अधिकारी पर जुर्म दर्ज

**राजनांदगांव।** देशी मदिरा दुकान सोमनी में सांकरा रोड पर आबकारी विभाग के पूर्व लोकेशन अधिकारी ने जन्मदिन मनाकर दुकान के भीतर ज्वलनशील पदार्थ पटाखा आदि का उपयोग किया। जिसकी शिकायत जांच पश्चात पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार सोमनी थाना क्षेत्र अंतर्गत आवेदक सोनूराम चंद्रवंशी छुरिया ने पुलिस अधीक्षक को आबकारी विभाग के पूर्व लोकेशन अधिकारी अमित मिश्रा की शिकायत करते कार्रवाई की मांग की थी। शिकायत पत्र में कहा गया था कि अमित मिश्रा द्वारा 23 जनवरी को देशी मदिरा दुकान सोमनी सांकरा के सुपरवाईजर एवं सेल्समैन को कहा गया था कि उसका जन्मदिन है, जन्मदिन दुकान में ही मनाएंगे एवं केक काटेंगे। जिसका आवेदकों ने मना किया तो काम से निकालने की धमकी दी गई। **ज्वलनशील पदार्थ का उपयोग-** जिस पर जन्मदिन देशी मदिरा दुकान सोमनी-सांकरा में मनाया गया। इस दौरान सुपरवाईजर एवं सेल्समैन के मना करने के बावजूद मदिरा दुकान के भीतर ज्वलनशील पदार्थ फुलझडी, पटाखा इत्यादी का उपयोग किया गया। पुलिस ने इस मामले में आरोपी अमित मिश्रा के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

## बोरतलाव में जिला स्तरीय समस्या निवारण शिविर

# आम जनता की समस्याओं का होगा तत्काल निराकरण: पांडे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बोरतलाव

सांसद संतोष पाण्डेय आज जिला प्रशासन द्वारा ग्रामीणों की आवश्यकता एवं समस्याओं के समाधान तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने डोंगरगढ़ विकासखंड के दूरस्थ ग्राम बोरतलाब में आयोजित जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में शामिल हुए। इस अवसर पर डोंगरगांव विधायक दलेश्वर साहू, पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष भरत वर्मा, कलेक्टर संजय अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

सांसद पांडेय ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल का निरीक्षण किया और हितग्राहियों को मिल रहे लाभ के संबंध में जानकारी ली। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों द्वारा गोदभराई कार्यक्रम में गर्भवती माताओं को सुपोषण किट प्रदान किया गया तथा नन्हे बच्चों का अन्नप्रासन्न किया गया। कृषि विभाग द्वारा कृषकों को स्प्रेयर, शिक्षा विभाग द्वारा बच्चों को निःशुल्क साइकिल, पाठ्यपुस्तक व गणवेश, उद्यानिकी विभाग द्वारा पौधा व बीज, पुलिस विभाग द्वारा बच्चों को कापी-पेन का वितरण किया गया। शिविर में परिवहन विभाग द्वारा त्वरित लर्निंग लाइसेंस बनाकर वितरित किया गया। सांसद, विधायक डोंगरगांव एवं कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने स्कूल प्रांगण में पौधरोपण भी किया।



### प्रदर्शन में दिखी योजनाएं

शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा शासन की योजनाओं की जानकारी देने तथा योजनाओं से लाभान्वित करने स्टॉल भी लगाए गए हैं। जनसामान्य ऐसे स्थान जहां जनसमस्या निवारण शिविर लगाए जा रहे हैं, वहां जागरूकता के साथ समय निकालकर परिवार सहित अवश्य पहुंचे। शासन द्वारा किसानों को दो साल का बोनस दिया गया। वहीं विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से जनसामान्य की समस्याओं को दूर करने कार्य किया गया।

### बोरतलाव नक्सलमुक्त: एसपी

पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने कहा कि पुलिस, पंचायत, पेयजल, आपदा, शिक्षा, रोजगार, वन सहित विभिन्न विभागों की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने एवं लाभान्वित करने शिविर का आयोजन किया गया है। बोरतलाब पहले नक्सली प्रभावित क्षेत्र था, लेकिन इस क्षेत्र के जनसामान्य द्वारा पुलिस को मिले सहयोग से यह क्षेत्र नक्सल मुक्त हो गया है।

### विकास में आएगी तेजी: सांसद

शिविर में सांसद पांडेय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में जनसामान्य की समस्या के समाधान के लिए निरंतर कारगर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज यहां जनसामान्य की समस्याओं के समाधान तथा शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूकता लाने एवं उन्हें लाभान्वित करने जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया है।

### निराकरण की दिशा में तत्परता

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने स्टॉल का अवलोकन किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने राजस्व विभाग के स्टॉल में अवलोकन के दौरान कहा कि नामांकन, सीमांकन एवं बंटवारा तथा अन्य राजस्व संबंधी प्रकरणों का समय पर गुणवत्तापूर्ण निराकरण करें। जाति, आय, निवास प्रमाण पत्र समय पर बनाकर देने के निर्देशित किया।

# गोंदिया-बरौनी ट्रेन में मिली 155 नग बियर



**राजनांदगांव।** रेलवे सुरक्षा बल ने बोरतलाव से डोंगरगढ़ के बीच गोंदिया-बरौनी एक्सप्रेस के एसी कोच की जांच पड़ताल के दौरान 155 नग विदेशी बियर जब्त की है। डोंगरगढ़ रेलवे पुलिस ने बताया कि इस मामले में कोच के तीन अटेंडर को गिरफ्तार किया गया है।

मादक पदार्थों की तस्करी को रोकने के लिए डोंगरगढ़ रेसुब प्रभारी के निर्देशन में शुक्रवार को गाड़ी संख्या 15232 गोंदिया-बरौनी एक्सप्रेस में चेकिंग अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान बोरतलाव से डोंगरगढ़ के मध्य एसी कोच संख्या एम-1, एम-2 तथा बी-4 कोच के अटेंडर के सामान रखने के गेज की जांच की गई। जिसमें 155 नग विदेशी बियर की बोतल जब्त की गई है। जिसकी बाजार मूल्य की कीमत 20 हजार 150 रुपए आंकी गई है। इस मामले में आरोपी के खिलाफ यूएस 34 2 आबकारी अधिनियम के तहत मामला पंजीबद्ध कर गिरफ्तार किया गया है। उक्त कार्रवाई में प्रभारी निरीक्षक प्रशांत अल्डक एवं उपनिरीक्षक निरीक्षक अखिलेश कुमार एवं गोंदिया-बरौनी एक्सप्रेस में अनुरक्षण ड्यूटी में तैनात प्र.आ. आरसी कटरे, आरक्षक नवीन्द्र, आरक्षक निलेश चौधरी एवं आरक्षक एसएम चौहान का कार्य सराहनीय रहा है। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उन्होंने उक्त बियर को गोंदिया से खरीदा था और बिहार ले जाकर अतिरिक्त कीमतों पर बेचना स्वीकार किया। ट्रेन में भारी मात्रा में अवैध रूप से अंग्रेजी बियर को अनाधिकृत रूप से परिवहन कर बिहार राज्य ले जाने की भी उन्होंने पुष्टि की।

### 3 कोच अटेंडर गिरफ्तार

रेलवे पुलिस ने कोच के अटेंडर आरोपी कन्हैया कुमार उम्र 20 साल ग्राम निपरिया बेगुसराय बिहार, रवीन्द्र कुमार 21 साल खानपुर जिला समस्तीपुर बिहार तथा विक्की कुमार महतो निपनिया पोस्ट बरौनी को गिरफ्तार किया गया है। सभी आरोपी बीआईपीएस प्राइम साल्यूशन प्रा. लिमिटेड के कर्मचारी बताए जा रहे हैं।

# एंटी नक्सल यूनिट सी-60 पर माओवादियों का क्लेमोर बम से अटैक, दो जवान घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी तथा बस्तर से सटे महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में लगातार सुरक्षा बलों से मिल रहे शिकस्त के बीच माओवादियों ने एंटी नक्सल यूनिट सी-60 के जवानों पर सर्चिंग से लौटने के दौरान क्लेमोर माइंस विस्फोट कर दिया। इस घटना में दो जवान मामूली रूप से घायल हुए हैं। महाराष्ट्र के नक्सल सेल से मिली जानकारी के मुताबिक आज सुबह माओवादी पैठ वाले इलाके से सर्चिंग कर वापस लौट रहे सुरक्षा बल के जवानों पर नक्सलियों ने एम्बुस लगाते गढ़चिरौली जिले के डोधराज ब्रिज के पास क्लेमोर माइंस से अटैक कर दिया।



### दो को मामूली चोंट

*इस धमाके में दो जवानों के हाथ में मामूली चोट आई है। सैनिकों की मुस्तैदी के चलते माओवादियों की कोशिश नाकाम रही। घटना के बाद महाराष्ट्र सीमा पर खोज अभियान और तेज कर दिया गया है।*

### जिले में अब तक 1079.4 मिमी वर्षा दर्ज

**राजनांदगांव।** जिले में इस वर्ष चालू मानसून वर्ष में 1 जून 2024 से अब तक 1079.4 मिमी बारिश रिकार्ड की गई है। एक जून से अब तक राजनांदगांव जिले में कुल 154.2 मिमी औसत बारिश हुई है। जिले के सभी 7 तहसीलों में आज औसत 2.2 मिमी बारिश हुई। सर्वाधिक वर्षा डोंगरगढ़ तहसील में 4.3 मिमी दर्ज की गई। अब तक हुई बारिश के आंकड़ों के अनुसार इस वर्ष अब तक सर्वाधिक वर्षा घुमका तहसील में 231.5 मिमी हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 5 जुलाई को डोंगरगढ़ तहसील में 4.3 मिमी, लाल बहादुर नगर तहसील में 3.5 मिमी, राजनांदगांव तहसील में 1.4 मिमी, घुमका तहसील में 3 मिमी, छुरिया तहसील में 2.4 मिमी एवं डोंगरगांव तहसील में 0.9 मिमी बारिश दर्ज की गई है। 1 जून से अब तक डोंगरगढ़ तहसील में 160.6 मिमी, लाल बहादुर नगर तहसील में 223 मिमी, राजनांदगांव तहसील में 152.8 मिमी, घुमका तहसील में 231.5 मिमी, छुरिया तहसील में 111.8 मिमी, कुमरदा तहसील में 132.4 मिमी एवं डोंगरगांव तहसील में 67.3 मिमी बारिश दर्ज की गई है।

## आज निकलेगी प्रभु जगन्नाथ की रथयात्रा


# मनमोहक रथ और उड़िया मां मैलोडी नृत्य रहेगा आकर्षण का केंद्र, करेंगे शहर भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

### भक्त खीचिंगे भगवान का रथ

भगवान जगन्नाथ महाप्रभु की भव्य रथयात्रा कल आषाढ़ शुक्ल द्वितीया 7 जुलाई को श्रद्धा-भक्ति के साथ धूमधाम से निकाली जाएगी। शहर के गांधी चौक स्थित प्राचीन भगवान जगन्नाथ महाप्रभु के मंदिर से लगभग 85 वर्ष से रथयात्रा निकाले जाने की परंपरा है।

श्री जगन्नाथ मंदिर रथयात्रा आयोजन समिति के प्रमुख महेश शर्मा के अनुसार कल रविवार 7 जुलाई को गांधी चौक स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर में सुबह 8 बजे से भगवान जगन्नाथ, बड़े भाई बलभद्र एवं बहन सुभद्रा का विशेष श्रृंगार पूजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस वर्ष पहली बार सुबह 11 से दोपहर 2 बजे तक महाप्रसादी भंडारा आयोजित है। रथयात्रा प्रारंभ करने के पूर्व दोपहर 2 बजे भगवान जगन्नाथ, बड़े भाई बलभद्र, बहन सुभद्रा एवं सुदर्शन चक्र को भव्य रथ में विराजित किया जाएगा। पूजा आरती के पश्चात दोपहर 2.30 बजे रथ की रस्सी को सैकड़ों भक्त एवं बंधुओं द्वारा अपने हाथों से खींचकर रथयात्रा प्रारंभ होगी।



### प्रमुख मार्गों से गुजरेगा रथ

इस दौरान संस्कारधानी की विभिन्न भजन मंडलियों द्वारा भजनों की प्रस्तुति के साथ भक्त नृत्य करते आगे बढ़ेंगे। ढोल-नगाड़े की थाप भी रथयात्रा की शोभा बढ़ाएगी। रथयात्रा गांधी चौक से दुर्गा चौक, बालगोविंद चौक, बसंतपुर थाना से सदर बाजार, भारत माता चौक से तिरंगा चौक, रामाधीन मार्ग, श्री श्याम मंदिर गली होते हुए कामठी लाइन, भारत माता चौक से आजाद चौक होते मानव मंदिर चौक से जयस्तंभ चौक से जूनीहटरी स्थित श्रीराम जानकी मंदिर पहुंचेगी। यहां जगत के नाथ का स्वागत पारंपरिक सनातन संस्कृति के अनुसार किया जाएगा।

### गजा मूंग का होगा प्रसादी वितरण

भगवान जगन्नाथ बड़े भाई बलभद्र एवं बहन सुभद्रा के साथ आषाढ़ शुक्ल एकादशी तक श्रीराम जानकी मंदिर में ही विराजेंगे एवं भक्तों को दर्शन देंगे। रथयात्रा के दौरान सुप्रसिद्ध गजा मूंग का प्रसाद भक्तों को प्राप्त होगा। रथयात्रा के मार्ग में अनेक श्रद्धालुओं द्वारा अपने महाप्रभु एवं रथयात्रा में शामिल भक्तों का स्वागत शीतलपेय, मिष्ठान्न इत्यादि से किया जाएगा। आषाढ़ शुक्ल एकादशी तक भगवान का रथ इसी मंदिर के द्वार पर खड़ा रहेगा। एकादशी के दिन भगवान पुनः अपने रथ पर विराजमान होकर बाजे-गाजे के साथ अपने गांधी चौक स्थित मंदिर में पधारेंगे। इस प्रकार भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा पूर्ण होगी।

### प्रभात नगर से भी निकलेगी रथयात्रा



इधर प्रभात नगर जगन्नाथ मंदिर में भी रथयात्रा निकाले जाने की भव्य तैयारियां की गई है। मंदिर समिति द्वारा भव्य रथ का निर्माण किया गया है। बाजे-गाजे के साथ निकलने वाले इस रथयात्रा में बड़ी संख्या में भक्तों के शामिल होने की संभावना है।

# कैंसर के इलाज के लिए मुख्यमंत्री ने स्वीकृत किए 27 लाख 79 हजार रुपए

**राजनांदगांव।** मुख्यमंत्री विशेष सहायता योजना अंतर्गत राज्य शासन द्वारा कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रहे राजनांदगांव जिले के तीन मरीजों को कुल 27 लाख 79 हजार रुपए की राशि अस्पताल के खाते में भुगतान कर कैंसर पीड़ति गरीब मरीजों के ईलाज की व्यवस्था की गई है। इन तीनों मरीजों ने पूर्व सांसद एवं प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव से भेंट कर अपनी पीड़ा से अवगत कराते इलाज हेतु सरकारी मदद दिलाने की गुहार लगाई थी।

कैंसर पेशेंट बालिका का इलाज बालको मेडिकल केयर सेंटर रायपुर में चल रहा है, जिन्हें शासन की तरफ से 15 लाख रुपए की राशि अस्पताल के बैंक खाते में भुगतान कर मरीज का इलाज करावाया जा रहा है। इसी तरह कैंसर पेशेंट शांतिदेवी रजवानी धर्मपत्नी दीपक रजवानी 61 वर्ष निवासी लालबाग राजनांदगांव को मेडिकल कॉलेज अस्पताल रायपुर में इलाज हेतु 4.79 लाख रुपए का भुगतान शासन द्वारा अस्पताल के खाते में किया गया है। एक अन्य प्रकरण में कैंसर के मरीज गोविंदराम सूर्यवंशी 65 वर्ष निवासी ग्राम एवं पोस्ट गौद विखं जांजगीर जिला जांजगीर-चांपा (अस्थायी निवासी राजनांदगांव) को स्वास्तिक नर्सिंग होम रायपुर में अपने फेफड़े एवं यकृत कैंसर के उपचार हेतु 8 लाख रुपए की राशि अस्पताल के बैंक खाते में प्राप्त हुई है। इन तीनों ही प्रकरण में कैंसर पेशेंट के परिजनों द्वारा राजनांदगांव के पूर्व सांसद मधुसूदन यादव से प्रत्यक्ष मुलाकात कर मरीज के इलाज का आवेदन पत्र देते शासन से इलाज हेतु सहायता उपलब्ध कराने हेतु निवेदन किया गया था।



### मधु ने सीएम को कराया अवगत

निजी अस्पताल में ईलाज के दौरान होने वाले भारी-भरकम खर्च को वहन करने में असक्षम इन मरीजों के परिजनों से प्राप्त आवेदन पर त्वरित पत्राचार करते पूर्व सांसद मधुसूदन द्वारा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं विधानसभा अध्यक्ष व राजनांदगांव विधायक डॉ. रमन सिंह को अवगत कराया गया। इन मरीजों को निजी अस्पताल में भर्ती करवाने एवं इलाज हेतु तत्परता से चिकित्सकीय औपचारिकताएं पूर्ण करवाने में राजनांदगांव सांसद संतोष पांडेय का भी विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन ने भी कैंसर के इन तीनों मरीजों के प्रकरण में संवेदनशीलता एवं सहृदयता का परिचय देते मुख्यमंत्री को मरीज के उपचार हेतु तत्काल राशि जारी करने हेतु अनुशंसा पत्र भेजा।

### मरीज व परिजनों को राहत

जिसके पश्चात मुख्यमंत्री की अनुशंसा पर मुख्यमंत्री विशेष सहायता योजना अंतर्गत इन मरीजों के कैंसर के उपचार हेतु संबंधित चिकित्सालयों को प्राप्त प्राक्कलन के आधार पर कुल 27 लाख 79 हजार रुपए की सहायता राशि जारी कर मरीजों को राहत प्रदान की गई है। आज उक्त स्वीकृति आदेश की एक प्रति पूर्व सांसद मधुसूदन यादव ने अपने हाथों से मरीज को सौंपते मरीज और परिजनों के जीवन में पुनः खुशियां बिखेर दी।



स्थापना वर्ष 2014
VIPS
आइये मेडिकल के क्षेत्र में अपना भविष्य बनायें ...
विजन पैरामेडिकल
INFORMATION *CAREER GUIDANCE *ADMISSION
* COUNSELING & COACHING CENTER
प्रवेश प्रारंभ
गुणवत्ता युक्त एवं विश्वसनीय सेंटर
सभी पाठ्यक्रम छत्तीसगढ़ में नौकरी एवं रजिस्ट्रेशन हेतु मान्य हैं।
मोबा. 9340751120, 9131330801
गर्ल्स हॉस्टल सुविधा उपलब्ध
पता: रायपुर रोड, शासकीय पी.जी. कॉलेज के सामने, सृजन ITI के पीछे, कोबिया, बेमेतरा, जिला-बेमेतरा (छ.ग.)
COURSES
योग्यता - 12 वीं (जीव विज्ञान)
BACHELOR IN MED.LAB. TECHNICIAN - 3 Years
DIPLOMA IN MED.LAB. TECHNICIAN - 2 Years
DIPLOMA IN AYURVEDIC PHARMACY - 2 Years
DIPLOMA IN X-RAY TECHNICIAN - 2 Years
DIPLOMA IN OPTHELMIC TECHNICIAN - 2 Years
CERTIFICATE IN OT TECHNICIAN - 1 Year

**बैठक : कलेक्टर ने भोरमदेव मंदिर परिसर में अधिकारियों की ली बैठक, दिए आवश्यक दिशा-निर्देश**

# भोरमदेव पदयात्रा व मेला स्थल का कलेक्टर महोबे ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

छत्तीसगढ़ के प्रमुख पर्यटन स्थल एवं जिले के ऐतिहासिक, पुरात्तव, पर्यटन, जन आस्था के केन्द्र भोरमदेव मंदिर में सावन महीने में आने वाले श्रद्धालु व पदयात्रा कावड़ियों के व्यवस्था की तैयारियां शुरू हो गई। कलेक्टर जनमेजय महोबे ने शनिवार को भोरमदेव मंदिर परिसर में अधिकारियों की आवश्यक बैठक लेकर यहां आने वाले श्रद्धालुओं व पदयात्रा की व्यवस्थाओं के लिए उन्हें दायित्व सौंपे है। हर वर्ष सावन माह के प्रथम सोमवार को कवर्धा के बूढ़ा महादेव मंदिर से भोरमदेव मंदिर तक जनभागीदारी आयोजित होने वाले भोरमदेव पद यात्रा के संबंध में जल्द ही कलेक्टर द्वारा बैठक आयोजित की जाएगी।

कलेक्टर श्री महोबे ने कहा कि हर वर्ष सावन महीने में अधिक संख्या में यहां श्रद्धालु पहुंचते है। इसके लिए सभी तैयारी पहले ही कर ली जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी व्यवस्था और सुरक्षा के बेहतर इंतजाम रहें। उन्होंने सभी अधिकारियों को जिम्मेदारी पूर्वक सौंपे दायित्व को समय-सीमा में पूरा करने आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने अधिकारियों की बैठक के बाद भोरमदेव मंदिर परिसर सहित पदयात्रियों के रुकने के लिए भवन, मेला स्थल का निरीक्षण किया और आवश्यक व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

## पदयात्रा व मेला स्थल पर श्रद्धालुओं को उपलब्ध कराई जाएंगी सुविधाएं



कलेक्टर श्री महोबे ने बैठक में भोरमदेव मंदिर क्षेत्र परिसर की साफ-सफाई, कवर्धा-भोरमदेव मार्ग में विद्युत के खंभों में प्रकाश व्यवस्था, मंदिर परिसर में दर्शनार्थियों के लिए पेयजल के इंतजाम करने के दिशा-निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने भोरमदेव उद्यान की साफ-सफाई एवं बेहतर रख-रखाव करने भी कहा। इस दौरान भोरमदेव मंदिर परिसर में प्रकाश व बिजली के पुख्ता इंतजाम करने छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण निगम के कार्यपालन अभियंता को निर्देशित किया। मंदिर परिसर में दर्शनार्थियों की सुविधा के लिए बेरीकेटिंग करने पीडब्ल्यूडी के कार्यपालन अभियंता व मेला स्थल में व्यवस्थित तरीके से दुकान लगवाने संबंधित अधिकारी तथा भोरमदेव मार्ग में आवागमन व्यवस्था, यातायात नियंत्रण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

### पदयात्रा के दौरान अस्वस्थ्य होने की स्थिति आपात चिकित्सा व्यवस्था सुनिश्चित करें

कलेक्टर ने पदयात्रियों के लिए पंडाल एवं पेयजल, सुलभ शौचालयों की साफ-सफाई, पदयात्रा के दौरान अस्वस्थ्य होने की स्थिति आपात चिकित्सा व्यवस्था के तहत एंबुलेंस, डॉक्टर एवं जीवन रक्षक दवाईयों की व्यवस्था तथा फर्स्ट एड बॉक्स की व्यवस्था भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने दर्शनार्थियों के जलाभिषेक दर्शन के लिए मंदिर परिसर में एलईडी टीवी लगाने, पदयात्रियों के लौटने के लिए निःशुल्क बसों की व्यवस्था, फायर बिग्रेड सहित सभी आवश्यक तैयारियों के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए।

# पेण्ड्रीकला में चलाया गया साक्षरता अभियान



- प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य ब्लॉक में साक्षरता दर बढ़ाना।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

विकासखण्ड पंडरिया अंतर्गत ग्राम पेंण्ड्रीकला में साक्षरता सर्वे कार्य ग्राम पंचायत पेंड्रीकला में में शासन प्रशासन के योजनाओं को सफल बनाने के लिए उल्लास नवभारत साक्षरता सर्वे कार्य किया जा रहा है। जिसमें गांव में सभी अशिक्षित व्यक्तिओं को साक्षरता के लिए जन-जागरूक करनें प्रेरित किया जा रहा है, यदि अशिक्षित व्यक्ति को साक्षरता का ज्ञान हो जाए तो उस व्यक्ति में सोचने-समझने एवं एक-दूसरे को समझाने में आसान होगा और किसी दूसरे व्यक्ति पर आश्रित नहीं रहेगा। बल्कि अपने जीवन की अज्ञानता दूर होंगे तथा बौद्धिक स्तर बढ़ेगे और स्वयं का समस्या का भी समाधान होगा और दूसरे भी साक्षरता के लिए जन-जागरूक होगा। यह प्रशिक्षण उल्लास नवभारत साक्षरता का कार्यक्रम अंतर्गत ब्लाक स्तर पर आयोजित किए जा रहे हैं प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य ब्लॉक में साक्षरता कि दर बढ़ाना और 15 वर्ष की आयु वर्ग के ऊपर जो व्यक्ति औपचारिक शिक्षा से किसी कारण वंचित हो गए हैं। उन सभी व्यक्तियों का सर्वेकर उन्हें साक्षरता की मुख्य धारा में जोड़ना था। इस कार्य के प्रभारी व प्रधान पाठक बैजनाथ चंद्राकर, शिक्षिका सुश्री दीपा राठौर, सुखचैन चंद्रवंशी, श्रीमती साधना तिवारी व राजेंद्र पटेल सहित संस्थापक व संयोजक का विशेष योगदान रहा।

**खबर संक्षेप**

### यूथ एसेम्बली मिशन लाईफ कार्यक्रम शामिल हुए पुरूषोत्तम निर्मलकर

**हरिभूमि कुण्डा।** नेहरू युवा केंद्र संगठन रायपुर छत्तीसगढ़ युवा



कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के संयुक्त तत्वाधान में यूथ एसेम्बली मिशन लाईफ कार्यक्रम शुक्रवार को छत्तीसगढ़ विधान सभा परिसर में एक दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में पुरषोत्तम निर्मलकर को विधानसभा सदस्य के रूप में कार्यक्रम में शामिल होकर कबीरधाम जिले के नेतृत्व किया। श्री निर्मलकर ने यह जानकारी साझा करते हुए कहा की यह सौभाग्य का विषय है। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में एक विधानसभा सदस्य के रूप शामिल होने का अवसर मिला। जिस पर नेहरू युवा केंद्र संगठन व युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार का इस आयोजन के लिए आभार व्यक्त किया।

# डगनिया में मनाई गई पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

भारतीय जनता पार्टी व जनसंघ के संस्थापक पं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जयंती के अवसर पर भोरमदेव मंडल अंतर्गत ग्राम डगनिया में शनिवार को पं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जयंती पर उनके तैलचित्र पर पूजा अर्चना किया गया। भारतीय जनता पार्टी जिला भाजपा जिला उपाध्यक्ष व भोरमदेव मंडल प्रभारी नितेश अग्रवाल व भोरमदेव मंडल अध्यक्ष गुलाब साहू, मंडल मंत्री गीताराम साहू, बूथ अध्यक्ष बलद कुंभकार, बूथ पालक नरसिंग साहू, बूथ सचिव डेरहा राम साहू, युवा मोर्चा महामंत्री लोकचंद साहू, सोशल मीडिया प्रभारी अजय कौशिक व वरिष्ठ कार्यकर्ता आधार साहू, चुरामन साहू, ललित यादव, तोरन साहू, नारायण साहू एवं भाजपा के सभी कार्यकर्ता उपस्थित थें। साथ ही साथ पौधरोपण किया गया।

# राजस्व पखवाड़ा शिविर के पहले दिन किसानों व ग्रामीणों से 479 आवेदन मिले, 309 आवेदनों का निराकरण

- कलेक्टर ने कुण्डा तहसील के ग्राम मोहगांव के राजस्व शिविर में किसानों को ऋण पुस्तिका वितरण किया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप पूरे प्रदेश सहित जिले में 6 से 20 जुलाई तक राजस्व पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिले में अभियान के पहले दिन शनिवार को 8 ग्राम पंचायतों में राजस्व शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 32 ग्राम पंचायतों के किसान, ग्रामीणजन शामिल हुए। कलेक्टर जनमेजय महोबे ने पंडरिया अनुविभाग के कुण्डा तहसील अंर्तगत ग्राम मोहगांव में आयोजित राजस्व शिविर का निरीक्षण किया।

उन्होंने ग्रामीणों और किसानों ने मिले आवेदनों का अवलोकन किया। इस अवसर पर कलेक्टर की उपस्थिति में किसानो की मांग पर किसानों को नए ऋण पुस्तिका भी जारी किया गया। कलेक्टर श्री महोबे ने किसानों को शिविर में ऋण पुस्तिका वितरण किया गया। प्रदेश व्यापी राजस्व पखवाड़ा अंर्तगत जिले के ग्राम खड़ौदा खुर्द, कोठार, बड़ौदा कला, मोहगांव, महिडबरा, झिंगरा डोंगरी, ग्राम दलदली व रेंगाखार में राजस्व शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में किसानों और ग्रामीणों ने राजस्व संबंधित 479 आवेदन मिले, शिविर में 309 आवेदनों का त्वरित निराकरण किया गया। कलेक्टर श्री महोबे ने शेष 170 आवेदन को निर्धारित समय सीमा के भीतर निराकरण करने के आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर श्री महोबे के आवश्यक निर्देश पर अपर कलेक्टर निर्भय साहू ने भी राजस्व शिविरों का निरीक्षण किया। साथ ही कवर्धा एसडीएम अनुपम टोप्पो, पंडरिया एसडीएम संदीप ठाकुर, बोड़ला एसडीएम श्रीमती गीता रायस्त व सहसपुर लोहारा एसडीएम सुश्री आकांक्षा नायक अपने अनुविभाग अंतर्गत आयोजित राजस्व शिविरों का निरीक्षण किया और निराकरण की कार्यवाही से कलेक्टर को अवगत कराया। कलेक्टर ने निर्देशित करते हुए कहा कि इस अभियान के तहत प्राप्त होने वाले आवेदनों का निराकरण के लिए राज्य शासन द्वारा समय-सीमा निर्धारित की गई है, उस समय सीमा के भीतर गुणवत्ता के साथ शेष आवेदनों को निराकरण करने के सख्त निर्देश दिए है। निराकरण नियामानुसार होनी चाहिए। कलेक्टर ने एसडीएम, तहसीलदार को अपने-अपने क्षेत्र में आयोजित होने वाले राजस्व शिविरों का अवलोकन निराकरण सुनिश्चित करने के आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### 6 से 20 जुलाई तक राजस्व पखवाड़ा कार्यक्रम आयोजित

कलेक्टर श्री महोबे ने बताया कि राज्य शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के निर्देशानुसार 6 से 20 जुलाई तक राजस्व पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसके अतर्गत तहसील मुख्यालय सहित पटवारी हल्के एवं 90 ग्राम पंचायत मुख्यालयों का चयन राजस्व शिविर के आयोजन के लिए किया गया है। इस राजस्व पखवाड़ा में राजस्व संबंधित समस्याओं का आवेदन लिए जाएंगे।

# स्कूलों में बच्चों ने किया पौधरोपण



**डोंगरगढ़।** प्राथमिक शाला उरईडबरी में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया गया। संस्था के प्रधान पाठक ऋतुराज साहू ने पौधों की महत्ता पर प्रकाश डाला। इस दौरान आंवला, जामुन, नीम, करण, गुलमोहर आदि के पौधे लगाएं गए। पंचायत सचिव केशवराम नेताम ने ज्यादा से ज्यादा पेड़ पौधे लगाने के लिए ग्रामीणों को प्रेरित किया। राजकुमार चंद्रवंशी, गिरवर चंद्रवंशी और योगीलाल वर्मा, प्यारीलाल साहू, रोजगार सहायक नंदकुमार बंजारे ने अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर गोपीचंद मानिकपुरी, डेरहिन साहू, तिजिया बाई, धनकुंवर, पुसऊराम, मनोहर, खेमिनबाई, सकीना, अगसियाबाई, प्रेमबाई, राजकुमारी, जामवंत वर्मा, दीपक टंडन, नारद सोनवानी, रूपेश कुमार, गोपी आदि मौजूद थे।

### एक पेड़ मां के नाम

**डोंगरगढ़।** शहर के वार्ड 20 भुरवाटोला में एक पेड़ मां के नाम अंतर्गत पौधरोपण किया गया। प्रगति महिला मंडल के सदस्यों और वार्डवासियों ने नीम, पीपल, गुलमोहर, आम, जाम, जामुन, आवला सहित अन्य प्रजाति के पौधे रोपे। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक विनोद खांडेकर ने सभी से पौधे लगाने का आव्हान किया। सांसद प्रतिनिधि परमिंदर सिंह मोंटी ने भी संबोधित किया।



# घरेलू सामग्री से बच्चों को पढ़ाएंगी महिलाएं

**डोंगरगांव।** अंगना म शिक्षा कार्यक्रम के तहत प्राथमिक शाला सुखरी में पढ़ई तिहार मनाया गया। आयोजन में गांव की चयनित महिलाओं को घरेलू सामग्री का उपयोग कर पढ़ाना सिखाया गया। यह महिलाएं घरेलू कामकाज करते हुए अपने बच्चों को पढ़ाएंगी। अंगना म शिक्षा कार्यकम में शामिल अंजू साहू, तिमला साहू, यशोदा, नूतन, सरस्वती निषाद, भगवंतीन साहू आदि महिलाओं को प्रधान पाठक सपना भारद्वाज, शिक्षक सरस्वती साहू, गिरजा साहू ने घरेलू कामकाज करते हुए उपलब्ध सामानो का उपयोग कर अपने बच्चों पढ़ाने प्रोत्साहित किया। इन महिलाओं को कटोरी, चम्मच, गिलास, आलू, प्याज़ आदि के माध्यम से गिनती, रंग की पहचान, सब्जियों- फलों के नाम, खिलौनों से जानवरों के नाम सिखाने के बारे में बताया गया।



### मुंजाल में शिक्षा मेला



**मोहला।** अंगना म शिक्षा कार्यक्रम का आयोजन प्राथमिक शाला मुंजाल में किया गया। कार्यक्रम में नवप्रवेशी बच्चों एवं माताओं का स्वागत करने के साथ शिक्षा मेले का आयोजन किया गया। मेला में बच्चो की शाला पूर्व तैयारी, आंकलन आदि को लेकर 9 काउंटर बनाकर शिक्षकों ने जानकारी दी। इस मौके पर माताओं को बताया गया कि वह किस प्रकार घर पर रहकर भी अपने बच्चों को घर की वस्तुओं का उपयोग कर भाषा एवं गणित समझा सकती हैं।इस मौके पर जिला नोडल प्रमिला यादव ने बताया कि अंगना य शिक्षा कार्यक्रम बच्चों एवं माताओं के बीच की बेसिक शिक्षा एवं शाला पूर्व तैयारी का एक उचित माध्यम है। इस मौके पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी राजेन्द्र देवांगन, बीआरसी खोमलाल वर्मा, संकुल समन्वयक, प्राचार्य दिनेश आडिल, प्रधान पाठक रोशनलाल यादव आदि मौजूद थे।

# सेवानिवृत्त प्रधान पाठकों को समारोहपूर्वक विदाई

**मोहला।** केन्द्र पेंदाकोड़ो में कार्यक्रम आयोजित कर प्राथमिक शाला हिद्दड़ के प्रधान पाठक ज्ञान सिंह साहू, प्राथमिक शाला मजियापार के प्रधान पाठक भागीरथी कुंजाम, हाईस्कूल पेंदाकोड़ो के व्याख्याता रमेश कुमार साहू एवं माध्यमिक शाला पेंदाकोड़ो के भृत्य चुरामन लाल देवांगन के सेवानिवृत्त होने पर विदाई दी गई। समारोह में संकुल प्राचार्य ओमवती राठौर एवं संकुल समन्वयक श्री नूतन सिंह साहू ने कर्मचारियों को शिक्षकीय जीवन की सराहना करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। संचालन कर रहे शिक्षक सोहनलाल कोठारी, ललित कुमार साहू ने सेवानिवृत प्रधानपाठकों के कार्यकाल को प्रेरणादायक बताया। संकुल प्राचार्य एवं समन्वयक ने सेवानिवृत कर्मचारियों को श्रीफल एवं शॉल भेंट कर सम्मानित किया। शिक्षकों ने स्मृति चिन्ह तथा पेंट शर्ट दिया। इस मौके पर भुवनदास मानिकपुरी, लेखराम साहू, नरेंद्र



जंघेल, गंगा प्रसाद धुर्वे, काशीराम कवलिया, आत्माराम नेताम, कन्हैयालाल गोटे, ओमप्रकाश कोवाची, हरिशंकर देशलहरा, दीनदयाल साहू, यशवंत मंडावी, उमा यादव, दीप्ति ठाकुर, कुमुद कुंजाम, कमलेश्वरी शाह, संध्या हिडामे, धनेश्वरी कोडापे, चंद्रिका कोमरे, बीना मंडावी, शिवकुमारी धीवर, देवनी कोमरे आदि मौजूद थे।

पाठक सूचना
कवर्धा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425554555, 8889139071

कार्रवाई : आरोपियों के कब्जे से दो स्विफ्ट कार, दो स्कूटी और एक एलईडी टीवी व 6 लाख नकदी जब्त

# सूने मकान से लाखों की चोरी करने वाले तीन युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

जिला मुख्यालय कवर्धा के एक सूने मकान में करीब सालभर पूर्व हुई लाखों की चोरी के मामले में कवर्धा पुलिस ने बड़ी कार्यवाही करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इस आरोपियों के पास से 6 लाख रुपए नगदी, सोने चांदी के जेवरात, दो स्विफ्ट कार, दो स्कूटी और एक एलईडी टीबी बरामद की है। पुलिस की माने तो इस चोर गिरोह के कुछ सदस्य अभी भी फरार हैं जिनकी गिरफ्तारी जल्द ही कर ली जाएगी। गौरतलब है कि करीब साल भर पूर्व कवर्धा निवासी पेशे से ठेकेदार लक्की चन्द्रवशी के सूने मकान में अज्ञात चोरों ने तब हांथ साफ किया था जब वे अपने परिवार के साथ मकान में ताला बंद कर शादी समारोह में गए थे। अज्ञात चोरो ने कई दिनो की रैकी के बाद सुनियोजित ढंग से इस चोरी की बारदात को अंजाम देते हुए मकान से करीब 22 लाख के सोने चांदी के जेवरात तथा 7 लाख 45 हजार रुपए की नगदी रकम लेकर चंपत हो गए थे। चोरी की जानकारी के बाद पीड़ित ने घटना की रपट कवर्धा कोतवाली में दर्ज कराई थी। पुलिस ने भी प्रार्थी की रपट पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया था। लेकिन लगातार के प्रयासों के बाद भी पुलिस को अज्ञात चोरों तक पहुंचने में सफलता नहीं मिल पा रही थी। इसी दौरान मुखबीर से मिली सूचना के आधार पर कवर्धा कोतवाली पुलिस ने चोरी के मास्टर माइंड दीपक चन्द्रवंशी के ठिकाने में दबिस देकर उसे दबोच लिया और उससे कड़ाई से पूछताछ की। जिसके बाद आरोपी ने चोरी की बारदात को कबूल कर लिया। पुलिस मुख्य आरोपी के जरिए ही उसके दो अन्य साथी प्रफुल्ल चंद्रवंशी और अभिषेक चंद्रवंशी को भी गिरफ्तार कर लिया।

### चोरों ने खरीदी कार, व स्कूटी सहित अन्य सामग्री



आरोपियों ने बताया कि चोरी की नगदी रकम तथा जेवरात को बेंचने के बाद प्राप्त रकम से उन्होने दो स्विफ्ट कार, दो स्कूटी और एलईडी टीबी सहित अपने अन्य जरूरत तथा शौंक का सामन खरीदा था। मास्टर माइंड दीपक चन्द्रवंशी ने किसी को शक न हो इसलिए अपने मामा के नाम स्विफ्ट कार खरीदी थी। वहीं एक चोर ने स्कूटी खरीदी थी। बहरहाल पुलिस ने आरोपियों के पास से चोरी कर खरीदे गई दो स्विफ्ट कार, दो स्कूटी और एक एलईडी टीबी को जप्त कर लिया है वहीं आरोपियों के पास से 6 लाख की नगदी भी बरामद की गई है।

### एमपी के रतलाम में बेचे गए चोरी के जेवरात

इस बड़ी चोरी के मामले में गिरफ्तार किए गए तीनो आरोपियों ने जानकारी देते हुए बताया कि उन्होने लक्की चन्द्रवंशी के कवर्धा स्थित मकान से सोने चांदी के जेवरातों को मध्यप्रदेश के रतलाम में बेंचा था और उससे प्राप्त रकम को आपस में बांट लिया था। आरोपियों ने इस बात का भी खुलासा किया है कि रकम बंटवारे को लेकर उनके बीच विवाद भी हुआ था।

# भेड़ बकरी चोरी करने वाले चार आरोपी गिरफ्तार



■ आरोपियों के कब्जे से चोरी के दो नग भेड़ तथा दो नग मोटरसायकल जप्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

कुकदुर पुलिस ने भेड़ बकरी चोरी करने वाले चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्त में आए आरोपियों के पास से चोरी की दो नग भेड़ तथा चोरी की बारदात में प्रयुक्त दो नग मोटर सायकल जप्त की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गत 3 जुलाई को थाना कुकदुर में प्रार्थी राजा रब्बारी पिता मम्मू रब्बरी उम्र 61 वर्ष निवासी वर्षामैंडी थाना अंजार जिला भुज ( गुजरात) हालमुकाम जामुनपानी थाना कुकदुर ने उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 3 जुलाई की रात्रि में उसके जामुनपानी डेरा से अज्ञात चोरों द्वारा दो नग भेड़ को चोरी कर लिया गया है। जिस पर कुकदुर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध क्रमांक- 87/24 धारा 303(2) भा. न्याय. संहिता का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया था। विवेचना के दौरान पुलिस को मुखबीर के जरिए सूचना मिली की ग्राम जामुनपानी निवासी मुंगेल परस्ते पिता झगरू परस्ते अपने साथियों के साथ 02 नग भेड़ बेचने के फिराक में है। इस सूचना पर कुकदुर पुलिस की टीम ने मौके पर पहुंचकर चारो आरोपियों को दबोच लिया और उनके कब्जे से चोरी की दो नग भेड़ तथा चोरी की बारदाम में प्रयुक्त मोटर सायकल जप्त कर ली। पुलिस ने आरोपी मुंगेल परस्ते पिता झगरु परस्ते उम्र 32 वर्ष निवासी बेल्हापारा, कुल्हीडोंगरी, रामदयाल श्याम पिता जुगुत राम श्याम उम्र 40 वर्ष निवासी मुनमूना, कांशी राम मरकाम पिता हरि राम मरकाम उम्र 40 वर्ष निवासी मुनमूना तथा प्रेम सिंह पिता उजियार सिंह चेचाम उम्र 36 वर्ष निवासी जामुनपानी को गिरफ्तार कर लिया।

## खबर संक्षेप

### ग्राम पालीगुड़ा में न्यौता भोज का आयोजन

**कवर्धा।** ग्राम पालीगुड़ा में शासन के निर्देशानुसार बच्चो को नेवता भोज कराया गया, पोधारोपण कार्य किया गया स्कूल का अवलोकन संजय जायसवाल बीईओ, बीआरसी जलेस चंद्रवंशी, सीएसी एम जांगड़े द्वारा किया गया बच्चो को आवश्यक निर्देश भी दिया गया ताकि उनका पठन, पाठन कार्य अति उत्तम हो सके एसएमसी के पदाधिकारी भी इस अवसर पर अपनी प्रतिक्रिया दिए, पीएस और एमएस के सभी टीचर ने इस कार्य में अपना योगदान दिया एक पौधा मां के नाम लगाने का संकल्प लिया गया।

### नेशनल लोक अदालत का आयोजन 13 जुलाई को

**कवर्धा।** जिले में नेशनल लोक अदालत 13 जुलाई को आयोजित किया जा रहा है। जिला एवं सत्र न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सत्यभामा अजय दुबे के मार्गदर्शन में पैरालीगल वॉलेन्टियर्स की टीम शहर व ग्रामीण क्षेत्र में घूमकर नेशनल लोक अदालत का प्रचार कर रहे हैं। लोगों से अपील की जा रही है कि वे न्यायालयों में लंबित अपने विवाद को सुलह-समझौते और राजीनामा के माध्यम से नेशनल लोक अदालत में निराकरण करा सकते हैं।

### खेल पुरस्कार के लिए आवेदन 10 जुलाई तक

**कवर्धा।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग की ओर से खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों, निर्णायकों को खेल पुरस्कार दिया जाता है। राज्य खेल अलंकरण से सम्मानित किए जाने के लिए शहीद राजीव पाण्डे पुरस्कार, शहीद कौशल यादव पुरस्कार, वीर हनुमान सिंह पुरस्कार, शहीद पंकज विक्रम सम्मान और शहीद विनोद चौबे सम्मान, मुख्यमंत्री ट्रॉफी के लिए अनुशंसा मंगाई गई है।

# प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र छीरपानी में आधे से भी कम स्टाप पदस्थ

## वनवासियों को नहीं मिल रही समुचित स्वास्थ्य सेवाएं

■ वनांचल की स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति कोई गंभीरता नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोदवागोड़ान

जिले के विकासखण्ड पंडरिया क्षेत्रांतर्गत वनांचल ग्राम छीरपानी में संचालित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में कहने को तो दर्जनभर आवश्यक पदो की स्वीकृति प्रदान की गई है। लेकिन वनांचल के कई ग्रामों से जुड़े इस प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में वर्तमान में स्वीकृत पदों के विरूद्ध आधे पद भी नहीं भरे गए हैं। जिसके संबंध में कई मर्तवा स्वास्थ्य विभाग के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से शिकवा शिकायत की जा चुकी है। बीते कुछ महिनो पूर्व की गई शिकायत पर उन्होने चुनावी आदर्श आचार संहिता समाप्त होने के बाद व्यवस्था दुरूस्थ कराए जाने का आश्वासन दिया था। पर अब जबकि आदर्श आचार संहिता को समाप्त हुए लम्बा समय गुजर चुका है तब भी छीरपानी के उप स्वास्थ्य केन्द्र की स्थिति जस की तस बनी हुई है। जिसका खामियाजा इस क्षेत्र के कई ग्रामो के वनवासियों को भुगतना पड़ रहा है। उल्लेखनीय है कि छीरपानी स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में वर्षों से चिकित्सक, फार्मेशिष्ट, आरएचओ महिला, एएनएम, सीएचओ, ड्रेसर, बार्ड बॉय, स्वीपर के बगैर ही संचालित हो रहा है। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में इन आवश्यक पदों के रिक्त होने से यह स्वास्थ्य केंद्र महज औपचारिक स्वास्थ्य केंद्र होकर रह गया है और कागजी खानापूर्ति में संचालित हो रहा है। इसे विडम्बना कहें अथवा अंचलवासियों का दुर्भाग्य माना जाए कि इस अस्पताल की दुर्दशा को दूर करने में न तो विभाग की रुचि दिखाई देती है और न ही क्षेत्र के जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों के द्वारा सार्थक पहल की जा रही है। यहां बताना लाजिमी होगा कि बारिश के सीजन में विशेषकर वनांचल क्षेत्रों में सर्पदंश, मलेरिया, डेंगू, हैजा, डायरिया जैसी बीमारियों के फैलने का खतरा हमेशा बना रहता है। वैसे भी कबीरधाम जिले के ग्रामीण अंचलों में इन दिनो डायरिया प्रकोप देखने को मिल रहा है। दो रोज पहले ही ग्राम गोपालभावना में डायरिया की चपेट में आने से करीब तीन दर्जन ग्रामीण बीमार हो गए थे। जिन्हें जिले के अलग-अलग स्वास्थ्य केन्द्रों में दाखिल कराया गया था। वहीं प्रभावित ग्राम में स्वास्थ्य विभाग को अस्थाई स्वास्थ्य केन्द्र खोलना पड़ा था। सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि ऐसे हालातों में स्वास्थ्य केन्द्रों की क्या अहमियत होती है लेकिन दुर्भाग्य का विषय है कि इस बात को स्वास्थ्य विभाग नहीं समझ रहा है। यही वजह है कि वनांचल ग्राम छीरपानी के खस्ताहाल प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र की व्यवस्था को दुरूस्त कराने कोई रूचि नहीं दिखाई जा रही है।




### कोदवागोड़ान उप स्वास्थ्य केन्द्र एक महिला स्वास्थ्यकर्मी के भरोसे

इसी तरह उप स्वास्थ्य केंद्र कोदवा गोडान में पांच पद स्वीकृत होने के बावजूद काफी लंबे समय से केवल दो कर्मचारियों के भरोसे काम चलाया जा रहा है। जानकारी के अनुसार यहां पदस्थ दो अन्य महिला कर्मियों में से एक को छीरपानी और दूसरी को कुडा तथा प्रायः ड्यूटी से नदारद रहने वाले पुरुष स्वास्थ्य कर्मी को पंडरिया में संलग्न कर दिए जाने के बाद इस स्वास्थ्य केंद्र को एक केंद्र प्रभारी के अलावा एक मात्र एएनएम ही सम्हाल रही हैं। वनवासी अंचल का प्रमुख सम्पर्कित ग्राम होने के बावजूद इस स्वास्थ्य केंद्र की उपेक्षा को देखकर वनवासियों की चिकित्सा सुविधा के प्रति स्वास्थ्य विभाग और जिला प्रशासन कितना गम्भीर है इसका अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है।

### झोलाछाप डाक्टरों, झाड़ फूंक करने वालों को मिलता है बढ़ावा

माना जाता है कि शासन, प्रशासन और संबंधित विभाग की ऐसी ही अनदेखी के चलते समाज में झोलाछाप डाक्टरों, झाड़फूंक करने वालों तथा ढ़ोंगी बाबाओं को बढ़ावा मिलता है। यह स्वभावित है कि जब क्षेत्र के जरूरतमंद मरीजों को समय पर सरकारी स्वास्थ्य सेवाएं नहीं मिलेगी तो वे निश्चित रूप से फौरी राहत पाने अंचल में सक्रिय झोलाछाप डाक्टरों, झाड़ फूंक करने वालों तथा ढोंगी बाबाओं की ही शरण में जाएंगे। शासन, प्रशासन और संबंधित विभाग को चाहिए की जरूरतमंद मरीजों के सामने ऐसी नौबत न आए और उन्हें क्षेत्र के सरकारी स्वास्थ्य केन्द्रों में बेहतर ईलाज उपलब्ध हो।


# भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा आज, तैयारियां पूर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

नगर के विभिन्न मंदिरों से 7 जुलाई को रथ द्वितीया के अवसर पर भगवान की प्रतिमा को सुसज्जित रथों में स्थापित कर रथयात्रा निकाली जाएगी। नगर के प्रमुख मंदिरों का रथ स्थानीय करपात्री चौक से अखाड़े बाजीगरी, बाजे-गाजे व भजन मंडली की अगुवाई में कतारबद्घ चलते हुए अनुपम व मनमोहक छटा बिखेरते नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए मोती महल की ओर प्रस्थान करेंगे। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी रथ द्वितीया का त्यौहार श्रद्घा-भक्ति तथा हर्षोल्लास के साथ आषाढ़ शुक्ल पक्ष द्वितीया को मनाने की तैयारियां नगर के सभी मंदिरों में जोर-शोर की गई है। मंदिरों के रथ मण्डपों की सफाई व सजावट में मंदिर के पुजारी सहित मंदिर समिति के सदस्य व अनेक भक्तगण जुटे हुए हैं। राधाकृष्ण बड़े मंदिर के पुजारी ने इस अनुष्ठान के संबंध में बताया कि त्रेतायुग में भगवान श्री राम का विवाह हुआ, विवाह के पश्चात सनातन धर्मी सामाजिक रीति रिवाज के अनुसार पीयरी धुलाने आषाढ़ शुक्ल पक्ष द्वितीया को ससुराल जनकपुर गए थे। तभी से प्रतिवर्ष आषाढ़ शुक्ल पक्ष द्वितीया को रथ यात्रा के रूप में शोभा यात्रा निकाली जाती है। कलियुग के प्रधान देव श्री जगन्नाथ जी हैं। इसीलिए भगवान श्री जगन्नाथ जी के साथ भैया बलभद्र एवं बहन सुभद्रा की शोभायात्रा, रथ यात्रा के रूप में निकाली जाती है। इस अवसर पर भगवान की प्रतिमा का नए वस्त्र आभूषण से श्रृंगार किया जाएगा है तथा रथ मण्डपों को विविध रंगों के चमकदार कागजों से सजाया जाएगा। आम्र पल्लव तथा बहुरंगे बंदनवाद रथ को सजाया जाएगा। वेदाचार्य, राजपुरोहित व वेदपाठी ब्राम्हणों द्वारा स्वास्ति वाचन तथा नगर के प्रमुख भजन मण्डलियों की अगुवाई में बाजे-गाजे व भक्तों के जयघोष के बीज भगवान श्री हरि गोपाल रथों में विराजमान होकर आतिशबाजी तथा अखाड़ा बाजीगरों के करतब के साथ नगर भ्रमण करेंगे। भक्तों द्वारा चौक-चौराहों में पूजन आरती व मंदिर समितियों द्वारा मिश्री, मूंगदाल एवं तुलसीदल का प्रसाद गजामूंग वितरित किया जाएगा। नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए रथ यात्रा राजमहल पहुंचेगी जहां परम्परानुसार राज परिवार के सदस्यगण विधिवत पूजा अर्चना कर भेंट व भोग चढ़ाएगी। खेड़ापति हनुमान मंदिर के पुजारी चन्द्रकिरण तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि, इस दिन बांटे जाने वाले प्रसाद को गजामूंग कहते हैं, यह महाप्रसाद की तरह की फलदायी होता है। इसे सामाजिक परिवेश में लोग एक दूसरे को खिलाकर मैत्री संबंधों में प्रगांणता लाते हैं। जिसे मितान या गजामूंग के नाम से जाना जाता है। इस तरह लोकाचार में हर व्रत, पर्व एवं त्यौहार अधिक हैं जो मानवीय जीवन को ऊर्जावान बनाता है।




### नाबालिग वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई, जब्त किए गए वाहन



**कवर्धा।** बार-बार की समझाईश के बाद भी नाबालिगों द्वारा वाहनों का उपयोग किए जाने पर यातायात पुलिस द्वारा अब ठोस कार्यवाही कर नाबालिगों के वाहनो का जप्त किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि नया शिक्षा सत्र प्रारंभ होने के बाद कवर्धा नगर में यातायात का दबाव काफी बढ़ गया है ऐसे में स्कूल आने जाने के लिए नाबालिगों द्वारा वाहनो का भी जमकर उपयोग किया जा रहा है। जिससे सड़क दुर्घटनाओं की भी आशंका बढ़ गई है। लिहाजा यातायात विभाग द्वारा संभावित सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए नाबालिगों के परिजनो तथा स्कूल प्रबंधकों को भी नाबालिकों के द्वारा वाहनो का उपयोग न किए जाने कहा गया है। लेकिन बावजूद इसके यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले नाबालिग वाहन चालकों के खिलाफ अब यातायात विभाग ने ठोस कार्यवाही शुरू कर दी गई है। पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक पल्लव के निर्देशानुसार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विकास कुमार एवं पुष्पेन्द्र सिंह बघेल एवं डीएसपी केके चंद्राकर के मार्गदर्शन में यातायात प्रभारी, रक्षित निरीक्षक प्रवीण खलखो और यातायात के स्टाफ द्वारा ऐसे नाबालिग वाहन चालक जो मोटर साइकिल का उपयोग स्कूल आने जाने के लिए करते है उनके विरूद्ध कार्यवाही करते हुए करपात्रि स्कूल के बाहर और आदिवासी मंगल भवन के बाहर रखे नाबालिग छात्रों के वाहनो को यातायात पुलिस के द्वारा लिफ्टर वाहन की मदद से यातायात शाखा लाया गया। श्री खलखो ने बताया कि इस तरह की कार्यवाही अन्य स्कूल के नाबालिग छात्रों के विरुद्ध भी की जाएगी। ताकि नाबालिग द्वारा होने वाले वाहन दुर्घटना को रोका जा सके।

### जिले में मलेरिया, डेंगू से निपटने नहीं की जा रही कोई कार्यवाही



**कवर्धा।** बारिश का मौसम है और जिले के नगरीय क्षेत्रों से लेकर ग्रामीण व वनांचल ईलाकों में मलेरिया, डेंगू जैसी बीमारियों के जनक मच्छारों का प्रकोप बढ़ते ही जा रहा है। इस पर चिंता जाहिर करते हुए जिला प्रशासन के मुखिया संबंधित विभागीय तथा प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक लेकर वनांचल क्षेत्र जहां मलेरिया होने की ज्यादा संभावना रहती है, वहां स्वास्थ्य विभाग के मैदानी अमले को सजग रहने तथा कारगर उपाय करने के निर्देश दिए जा रहे हैं। लेकिन जिला प्रशासन के मुखिया के इन निर्देशों के विपरीत देखा जाए तो जिला मुख्यालय कवर्धा तक में मच्छरों से निपटने के कोई खास इंतजाम नहीं है। यहां न तो डीडीटी छिड़काव किया जा रहा है और ही बारिश के पानी से भरे गड्डे को पटाने की भी कार्यवाही की गई है। यही हाल जिले के नगरीय निकायों का है। रही बात जिले के ग्रामीण एवं वनांचलों की तो यहां का हाल और भी बेकार है। मच्छारों की रोकथाम के लिए संबंधित ग्राम पंचायतों द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। नतीजतन गांवों में जहां तहां गड्डों में भरा बारिश के पानी, जहां तहां लगे कूड़ा करकट के ढेर, गंदगी व कचरा से अटी पड़ी नालियों में खतरनाक मच्छर के लारवा फल-फूल रहे हैं। अब जिले की इस खस्ताहाल व्यवस्था के बीच मच्छारों तथा मलेरिया में रोक कैसे लगेगी यह समझ से परे है।

संघ ने सौंपा ज्ञापन, 26 जुलाई को राजधानी में धरना, रैली एवं विधानसभा घेराव

# प्रधान पाठक पदोन्नति हाईकोर्ट के निर्देशों के तहत करने की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

छत्तीसगढ़ अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ एवं सतनामी अधिकारी कर्मचारी संगठन द्वारा 5 जुलाई को संयुक्त रूप से जिला शिक्षा अधिकारी वायडी साहू से सौजन्य मुलाकात कर अपनी मांग से संबंधित ज्ञापन सौंपा है। इस संबंध में छत्तीसगढ़ अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ के जिलाध्यक्ष आसकरण सिंह धुर्वे ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि कबीरधाम में जिला स्तरीय प्राथमिक शाला प्रधान पाठक पदोन्नति की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।

इस पदोन्नति में माननीय हाई कोर्ट बिलासपुर द्वारा 16 अप्रैल 2024 के आदेश एवं छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग के आदेश दिनांक 14/06/2024 में पदोन्नति हेतु नियम बना कर किए जाने का उल्लेख किया है। इसलिए संगठन पदाधिकारी ने उक्त आदेश का पालन करते हुए पदोन्नति करने की मांग की है।

संघ के अध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश में न्यायालीन आदेशों का अवहेलना करते बिना नियम बनाए पदोन्नति दिया जा रहा। संघ इसका पुरजोर विरोध करता है। संगठन ने पदोन्नति में आरक्षण की मांग को लेकर चरण बद्ध आंदोलन का आह्वान किया है। तीसरे चरण के आंदोलन में 08 जुलाई को मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जायेगा। यदि मांगे पूरी नहीं होती तो 26 जुलाई 2024 को राजधानी रायपुर में बड़ा आंदोलन धरना प्रदर्शन रैली के साथ विधानसभा घेराव किया जायेगा।

ज्ञापन सौंपने के दौरान जिला अध्यक्ष आसकरण सिंह धुर्वे,रोहित कुमार धुर्वे जिला सचि , गौकरण आनंद जिला अध्यक्ष सतनामी अधिकारी कर्मचारी संघ, मानकंवर धूमकेति, दिलीप कुमार धुर्वे, तिहारी लाल नेताम, हितेंद्र कुमार सोम, दिनेश चतुर्वेदी, सोनू धुर्वे, नरेंद्र धुर्वे, चतुरभुवन चंद्रवंशी, हुकमीचंद भास्कर, बीके दर्रो आदि उपस्थित थे।

# जुआ खेल रहे आठ जुआरी गिरफ्तार पुलिस ने जब्त किए 1750 रुपए

हरिभूमि न्यूज ▶▶पंडरिया

पंडरिया पुलिस ने गत 5 जुलाई को मुखबीर की सूचना पर जुआरियों की एक फड़ में दबिस देकर जुआ खेल रहे आठ जुआरियों को गिरफ्तार किया है पुलिस ने इन जुआरियों के पास से 1750 रूपए तथा 52 पत्ती तास जप्त की है। गिरफ्त में आए सभी जुआरियों के विरूद्ध धारा 3(2) छत्तीसगढ (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 के तहत कार्यवाही की गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बीते शुक्रवार को पंडरिया पुलिस को मुखबीर के जरिए सूचना मिली थी की थाना क्षेत्र के ग्राम बांधा में कुछ जुआडियों द्वारा तालाब के किनारे आम जगह पर ताश पत्ती में रूपए पैसे से हारजीत की बाजी लगाकर काट पत्ती नामक जुआ खेल रहे हैं।

इस सूचना पर पुलिस टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर तथा घेराबंदी कर जुआ खेल रहे लखन लाल भास्कर पिता छठठो भास्कर उम्र 62 वर्ष निवासी नवापारा पंडरिया, लखन लाल भास्कर पिता रामदास भास्कर उम्र 48 वर्ष निवासी नवापारा पंडरिया, खेलन भास्कर पिता राजकुमार भास्कर उम्र 25 वर्ष निवासी नवापारा, गोविंद गुप्ता पिता स्व. दुर्गाप्रसाद गुप्ता उम्र 34 वर्ष निवासी वार्ड नं.15 महामाया मंदिर के पास पंडरिया, छत्रपाल भास्कर पिता रामदास भास्कर उम्र 36 वर्ष निवासी नवापारा पंडरिया, सुखनंदन पात्रे पिता मेलाराम पात्रे उम्र 32 वर्ष निवासी तेन्दुआडीह, करन डाहिरे पिता छबिलाल डाहिरे उम्र 29 वर्ष निवासी तेन्दुआडीह तथा डाकवर भास्कर पिता जीवन लाल भास्कर उम्र 38 वर्ष निवासी नवापारा पंडरिया थाना पंडरिया जिला कबीरधाम को रंगे हाथो जुआ खेलते दबोच लिया।

पुलिस ने आरोपियों के पास से कुल 1750 रूपए नगद 52 पत्ती तास जप्त कर धारा 3(2) छत्तीसगढ (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 के तहत कार्यवाही की है।